DELHI CRIME 7 oct 2022:Layout 1 10/6/2022 8:14 AM Page 1

निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक

# दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

Website- Delhicrimepress.in
Email-info@delhicrimepress.in

वर्ष-01 | शुक्रवार 07 अक्टूबर 2022 | पीडीएफ अंक-170 | पृष्ठ-8 | मूल्य-निःशुल्क

## मौसम

अधिकतम –26 सूर्योदय – 6 : 17
न्यूनतम – 24 सूर्यास्त – 6 : 00

## सोना चांदी

सोना – 53310.00 प्रति 10 ग्र चांदी – 62000.00 किलो

## अर्थसार

सैंसेक्स –58222.10 निफ्टी – 17331.80
रु/यूएस डॉलर – 82.13 रु/यूरो – 80.79

## न्यूज फ्लैश

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर विवादित बयान दे बुरे फंसे कांग्रेस नेता उदितराज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता उदित राज अकसर अपने विवादित बयानों की वजह से चर्चा में रहते हैं। अब उन्होंने सीधा राष्ट्रपति को लेकर विवादित बोल बोले हैं। उन्होंने एक ट्वीट करके राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर 'चमचागीरी' शब्द का इस्तेमाल किया जिसके बाद भाजपा ने उन्हें घेरा है और कहा है कि इसीसे पता चलता है कि कांग्रेस किस तरह से आदिवासियों के विरोध में खड़ी है। उदित राज ने एक ट्वीट करके कहा था, 'द्रौपदी मुर्मू जी जैसा राष्ट्रपति किसी देश को न मिले। चमचागिरी की भी हद्द है। कहती हैं 70% लोग गुजरात का नमक खाते हैं। खुद नमक खाकर ज़िंदगी जिएं तो पता लगेगा।' इसपर भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, उदित राज ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए जिन शब्दों का इस्तेमाल किया है वे काफी चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण हैं। हालांकि यह पहली बार नहीं है। इससे पहले अधीर रंजन चौधरी भी ऐसी ही भाषा बोल चुके हैं। इससे पता चलता है कि कांग्रेस की मानसिकता आदिवासी विरोधी है। कांग्रेस से भाजपा में आए जितिन प्रसाद ने कहा, उदित राज जैसे नेताओं को अपनी टुच्ची राजनीति से ऊपर उठना चाहिए। उन्हें सीखना चाहिए कि कैसे राष्ट्रपति का सम्मान किया जाता है। वहीं भाजपा के आईटी सेल के चीफ अमित मालवीय ने कहा, सोनिया गांधी जी मंड्या में हैं और मीडिया से घिरी हैं। क्या किसी ने उनसे उदित राज के बयान पर सवाल किया? उनकी चुप्पी बताती है कि उनकी सोच भी उदित राज के बयान से मिलती जुलती है।

### अक्टूबर अंत तक पहली कमर्शियल लॉन्चिंग करेगा इसरो

**–वनवेब के 36 उपग्रहों को एलईओ में करेगा प्रक्षेपित**

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने प्रक्षेषण अभियान को तेज गति प्रदान कर दी है। इसरो ने गुरुवार को बताया कि वह यूनाइटेड किंगडम के वैश्विक संचार नेटवर्क वन वेब के 36 उपग्रहों को अपने सबसे भारी लॉन्चर एलवीएम3 या लॉन्च व्हीकल मार्क तीन के जरिए इस महीने अक्टूबर के अंत में अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करेगा। वनवेब इंडिया-1 मिशन/एलवीएम3 एम2 के तहत होने वाला 36 उपग्रहों का यह प्रक्षेपण इसरो के एलवीएम3 की ग्लोबल कर्मिशियल लॉन्च सर्विस मार्केट में एंट्री कराएगा। इसरो के कर्मशियल आर्म न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड ने ब्रा-डबैंड संचार उपग्रहों को लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) में लॉन्च करने के लिए वनवेब के साथ 2 सर्विस कॉन्ट्रैक्ट साइन किए हैं। इसरो ने गुरुवार को एक ट्वीट में कहा कि वह वन वेब के साथ अपने अनुबंध के तहत आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से कंपनी के 36 उपग्रहों को एलवीएम3 द्वारा पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित करेगा। इस लॉन्च के साथ, वनवेब अपने जीईएन1 एलईओ कंसीटलेशन प्लान का 70 प्रतिशत से अधिक अचीव कर लेगा। कंपनी का यह प्रोजेक्ट गवर्नमेंट, बिजनेस और आम लोगों को हाई स्पीड कनेक्टिविटी सर्विस प्रदान करने के लिए है। इसरो ने अपने ट्विटर हैंडल पर लॉन्च की तैयारियों के बारे में विवरण साझा किया, जिसमें बताया गया कि आने वाले दिनों में लॉन्च व्हीकल के क्रायोजेनिक अपर स्टेज का इंटीग्रेशन और 36 सैटेलाइट्स के साथ पेलोड फेयरिंग का इंटीग्रेशन पूरा होगा, जिससे यह प्रोजेक्ट अक्टूबर के तीसरे या चौथे सप्ताह तक लॉन्च के लिए तैयार होगा। वनवेब- 648 एलईओ उपग्रहों के एक समूह द्वारा संचालित वैश्विक संचार नेटवर्क है, जिसका मुख्यालय लंदन में है। फरवरी 2019 में इसकी स्थापना हुई थी। इसका उद्देश्य एलईओ उपग्रहों के एक समूह के माध्यम से दुनिया भर में हर जगह कनेक्टिविटी प्रदान करना है। भारती एयरटेल वन वेब की एक प्रमुख निवेशक और शेयरधारक कंपनी है।

### वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से टकराई भैंस, इंजन हुआ क्षतिग्रस्त, सभी यात्री सुरक्षित



**अहमदाबाद।** गांधीनगर-मुंबई के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के साथ आज अहमदाबाद में हादसा हो गया। इस घटना में ट्रेन का इंजन क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रेन में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। घटना आज आज सुबह 11.18 बजे अहमदाबाद के मणिनगर और वटवा रेलवे स्टेशन के बीच हुई। गांधीनगर कैपिटल से रवाना होकर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन मुंबई की ओर जा रही थी। रास्ते में मणिनगर और वटवा रेलवे स्टेशन के बीच अचानक एक भैंस ट्रेन से टकरा गई। इस घटना में ट्रेन का इंजन क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रेन में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। बता दें कि गुजरात में 30 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधीनगर स्टेशन से वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर मुंबई के लिए प्रस्थान करवाया था। वंदे भारत ट्रेन पहली बार कवच (ट्रेन कोलाइजन अवोइडन्स सिस्टम) तकनीक से लैस है। इस तकनीक से दो ट्रेनों के बीच दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा। इस तकनीक को देश में ही विकसित किया गया है, जिसकी वजह से इसका खर्च भी काफी कम है।

# पीएम मोदी जामनगर में करेंगे सौनी योजना के द्वितीय व तृतीय चरणों का लोकार्पण

**– राज्य के जामनगर, राजकोट, देवभूमि द्वारका तथा पोरबंदर ज़िलों में पहुँचेगा नर्मदा जल**



**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फिर एक बार गुजरात के दौरे पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री आगामी 10 अक्टूबर को जामनगर में सौराष्ट्रनर्मदा अवतरण इरिगेशन (सौनी) योजना लिंक-1 पैकेज-5 तथा लिंक-3 पैकेज-7 का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की कर्तव्यनिष्ठ सरकार विकासोन्मुखी एवं जनोन्मुखी कार्यों के माध्यम से जनता के जीवन में सुख-सुविधाएँ बढ़ाने हेतु निरंतर प्रयत्नशील हैं, जिसका एक और प्रमाण है सौनी योजना के द्वितीय व चृतीय चरणों का लोकार्पण। प्रधानमंत्री मोदी ने सौराष्ट्र के सूखे (शुष्क) क्षेत्र को सिंचाई जल तथा नागरिकों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करने का संकल्प किया था और इस संकल्प को परिपूर्ण करने की दिशा में गुजरात एक और कदम आगे बढ़ा है। सौनी योजना के दूसरे चरण में लिंक-1 के पैकेज-5 के लोकार्पण के माध्यम से कुल 314.69करोड़ रुपए के खर्च से 66किलोमीटर लंबी पाइपलाइन द्वारा लालपुर तहसील के पीपरटोडा गाँव के पास निर्मित पंपिंग स्टेशन में 7पंपों द्वारा और खंभाळिया तहसील के सिद्धपुर गाँव के पास निर्मित फीडर पंपिंग स्टेशन में 4 पंपों द्वारा जामनगर ज़िले के 5 और देवभूमि द्वारका ज़िले के 5 सहित कुल 10 जलाशय पानी से छलकेंगे। इनमें जामनगर ज़िले के 2 व देवभूमि द्वारका ज़िले के 3 यानी कुल 5 जलाशयों से पीने का पानी दिया जाता है। इससे जामनगर ज़िले की लालपुर व जामनगर तहसीलों के लगभग 32 गाँवों के 21,061 एकड़ क्षेत्र में तथा देवभूमि द्वारका ज़िले की खंभाळिया व कल्याणपुर तहसीलों के लगभग 23गाँवों के10,782 एकड़ क्षेत्र में सिंचाई व पेयजल सुविधा का लाभ मिलेगा। इस प्रकार, कुल मिला कर 65,000 से अधिक जनसंख्या को इसका लाभ होगा और आसपास के कुल 31,843एकड़ क्षेत्र को सिंचाई व पेयजल की पर्याप्त सुविधा मिलेगी, जिससे हरियाली समृद्धि का आगमन होगा। सौनी योजना के तीसरे चरण में लिंक-3 के पैकेज-7 के लोकार्पण के माध्यम से कुल 729.15 करोड़ रुपए के खर्च से 104.160 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन द्वारा कालावड तहसील के जालणसर गाँव के पास निर्मित पंपिंग स्टेशन में 5 पंपों द्वारा जामनगर ज़िले के 4, राजकोट ज़िले के 2, पोरबंदर ज़िले के 2 तथा देवभूमि द्वारका ज़िले के 3 यानी कुल 11 जलाशय पानी से छलकेंगे।

इनमें जामनगर ज़िले के 2, राजकोट ज़िले के 2, पोरबंदर ज़िले के 1 और देवभूमि द्वारका ज़िले के 1 यानी कुल 6 जलाशयों से पीने का पानी भी दिया जाता है। इससे राजकोट ज़िले की उपलेटा तहसील के लगभग26 गाँवों के5,736एकड़ क्षेत्र में, जामनगर ज़िले की कालावड, जामजोधपुर व जामनगर तहसीलों के लगभग20गाँवों के 16,471 एकड़ क्षेत्र में, देवभूमि द्वारका ज़िले की भाणवड तहसील के लगभग 30गाँवों के 22,769 एकड़ क्षेत्र में और पोरबंदर ज़िले की पोरबंदर तहसील के लगभग 10गाँवों के 6991एकड़ क्षेत्र में सिंचाई व पेयजल सुविधा का लाभ मिलेगा। इस प्रकार, कुल मिला कर 1,20,000 से अधिक जनसंख्या को इसका सीधा लाभ होगा और आसपास के कुल 71,967एकड़ क्षेत्र को सिंचाई व पेयजल सुविधाएँ प्राप्त होंगी। उल्लेखनीय है कि सौनी योजना का मूल उद्देश्य नर्मदा में आने वाली बाढ़ के अतिरिक्त पानी से सौराष्ट्र के जलाशयों को भर कर वहाँ व्याप्त पानी की कमी की समस्या का स्थायी निवारण लाना है। सदैव जनता के हित में चिंतन-मनन करने वाली और सुदृढ़ कदम उठाने वाली सरकार द्वारा सौनी योजना के इन चरणों का लोकार्पण विकास की दिशा में एक सफल प्रयाण है।

## शाह ने रैनावाड़ी क्षेत्र में स्थित गुरुद्वारा छत्ती पटशाही में मत्था टेका



**श्रीनगर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रैनावाड़ी क्षेत्र में स्थित गुरुद्वारा छत्ती पटशाही में मत्था टेका। उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में जनसभा को संबोधित करने के बाद शाह श्रीनगर लौटे और राजभवन में समारोह में शामिल हुए। समारोह खत्म होने के फौरन बाद शाह शहर के रैनावाड़ी गए और गुरुद्वारा छत्ती पटशाही में मत्था टेका। उनके साथ जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और भाजपा के कुछ नेता भी थे। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री ने श्रद्धालुओं से भी बातचीत की।

## दिल्ली पुलिस ने साइबर उदय 2.0 कैंपेन की शुरूआत की, एलजी ने किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** दिल्ली में साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए दिल्ली पुलिस ने साइबर जागरूकता दिवस पर साइबर उदय 2.0 कैंपेन की शुरूआत की। उद्घाटन दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने गुरुवार को किया। इसे तीन भागों में बांटा गया है। पहले चरण में 26,000 स्कूली बच्चों को साइबर क्राइम से जागरूक किया जाएगा। इस दौरान तरह-तरह के कार्यक्रम होंगे। इनमें क्विज, चित्रकला प्रतियोगिता आदि अन्य माध्यमों से बच्चों को जागरूक किया जाएगा। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने तुलसी का पौधा देकर विनय कुमार सक्सेना का स्वागत किया। एलजी ने कहा कि लगातार बढ़ रहे डिजिटलीकरण के दौर में साइबर अपराधों की आशंका अधिक बढ़ रही है। इसको लेकर केंद्र सरकार भी सक्रिय है। केंद्र सरकार ने 2021 में पांच अक्टूबर को साइबर जागरुकता दिवस मनाने की घोषणा की थी, जिसके बाद से महीने के पहले बुधवार को साइबर जागरूकता दिवस मनाया जाता है। इसी को लेकर दिल्ली पुलिस भी लगातार लोगों के लिए सक्रियता से साइबर अपराध के प्रति जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रमों को आयोजित कर रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं को साइबर अपराध से जागरुक हो जाने पर यह जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचती है और लोगों सक्रियता से साइबर अपराधों का मुकाबला कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि दिल्ली पुलिस अपने इस अभियान में सफल होगी।

दिल्ली पुलिस आयुक्त ने कहा कि दिल्ली पुलिस लगातार मित्र पुलिस के तौर पर लोगों की मदद के लिए सामने आ रही है। जिस वक्त सड़कों से वाहन रेलवे स्टेशन से रेल आदि अन्य सभी सुविधाएं बंद हो गई थी, उस वक्त भी दिल्ली पुलिस सड़कों पर लोगों की सुरक्षा के लिए तैनात थी। ऐसे में बढ़ रहे साइबर अपराध को लेकर भी दिल्ली पुलिस सक्रियता से अपनी भूमिका निभा रही है। आगे उन्होंने कहा कि लोगों को न सिर्फ साइबर अपराध से बचाव के लिए उपाय बताए जा रहे हैं बल्कि शिकायत के लिए एक टोल फ्री नंबर 1093 भी शुरू किया गया है, ताकि लोग सुगमता से साइबर अपराधों की सूचनाएं पुलिस को दे सकें। साइबर उदय 2.0 की लॉन्चिंग के दौरान पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने बताया कि जागरूकता एक सदस्य प्रक्रिया है. ऐसे में साइबर जागरूकता दिवस को एक साल के लिए बढ़ाया गया है।

## गुजरात चुनाव को लेकर केजरीवाल का भाजपा पर तंज, बाप रे! इतना डर?

**–बीजेपी सांसद ने आप को गुजरात के लिए पाप बताया**



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर तंज कसा है। आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुजरात विधानसभा चुनाव को लेकर कहा है कि भाजपा बहुत डरी हुई है। उन्होंने दावा किया कि इस 'डर' की वजह से भाजपा हर जिले में बीजेपी के एक केंद्रीय मंत्री या मुख्यमंत्री की ड्यूटी लगा रही है। केजरीवाल ने कहा कि यह डर 'आप' का नहीं, बल्कि जनता से है। केजरीवाल ने ट्वीट किया, 'खबर है कि गुजरात के हर जिले में बीजेपी एक एक केंद्रीय मंत्री या किसी मुख्यमंत्री की ड्यूटी लगा रही है। बाप रे! इतना डर? ये डर आम आदमी पार्टी का नहीं है। ये डर गुजरात के लोगों का है जो बीजेपी से बहुत नाराज थे और अब तेजी से 'आप' का दामन थाम रहे हैं।" वहीं बीजेपी सांसद परवेश साहिब सिंह वर्मा ने केजरीवाल के ट्वीट का जवाब देकर पलटवार किया। उन्होंने लिखा, "सुनने में आ रहा है कि दिल्ली का सीएम और पंजाब का सीएम, शराब मंत्री सिसोदिया सहित सब गुजरात की गलियों में जनता के पैर पकड़ते घूम रहे हैं, कई जगह सूत्रों ने बताया है कि भ्रष्टाचारी केजरीवाल और सिसोदिया ने नाक तक रगड़ी है मगर गुजरात कि जनता तब भी आप को गुजरात के लिए पाप बता रही है।" दिल्ली और पंजाब में स-रकार चला रही 'आप' इस बार गुजरात में सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पहली बार गुजरात में इतने दमखम से उतरी केजरीवाल की पार्टी ने कई सीटों पर उम्मी-दवारों का ऐलान भी कर दिया है। केजरीवाल खुद भी लगातार गुजरात के दौरे कर रहे हैं। उनका दावा है कि इस बार गुजरात का चुनाव भाजपा बनाम 'आप' होने जा रहा है। हालांकि, हाल ही में आए ताजा सर्वे में पार्टी के लिए उत्साहजनक अनुमान नहीं लगाया गया है। सर्वे के मुताबिक 'आप' 17 फीसदी वोट हासिल कर सकती है, लेकिन पार्टी 0-2 सीटों पर ही जीत मिल सकती है।

## सोनिया गांधी भी कर रही हैं भारत जोड़ो यात्रा, बीच सड़क पर राहुल गांधी ने बांधे मां के जूतों के फीते



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी इन दिनों कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं। यात्रा इन दिनों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित कर्नाटक से होकर गुजर रही है। आज उनकी मां और कांग्रेस पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी भी इसमें शामिल हुईं। यात्रा के दौरान राहुल की कई तस्वीरें हाल के दिनों में वायरल हुई हैं। आज जो फोटो सोशल मीडिया में घूम रही है, उसमें वह बीच सड़क पर अपनी मां के जूतों के फीते को बांधते नजर आ रहे हैं। सोनिया गांधी ने मांड्या जिले के डाक बंगला इलाके से पदयात्रा आरंभ की। वह पहली बार 'भारत जोड़ो यात्रा' में शामिल हुईं। सोनिया का कर्नाटक विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले मांड्या में पदयात्रा करना इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि यह देवगौड़ा परिवार के दबदबे वाला क्षेत्र माना जाता है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, यह ऐतिहासिक क्षण है कि सोनिया गांधी जी इस यात्रा में शामिल हुई हैं। इससे पार्टी कर्नाटक में और मजबूत होगी। राहुल गांधी और कांग्रेस के कई अन्य नेताओं एवं कार्यकताओं ने गत सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत की थी। इन दिनों यात्रा कर्नाटक में है। यात्रा का समापन अगले साल की शुरूआत में कश्मीर में होगा। इस यात्रा के तहत कुल 3,570 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। कांग्रेस ने राहुल समेत उन 119 नेताओं को 'भारत यात्री' नाम दिया है, जो पदयात्रा करते हुए कश्मीर तक जाएंगे। ये लोग 3,570 किलोमीटर की निर्धारित दूरी तय करेंगे। कांग्रेस का मानना है कि यह यात्रा पार्टी के लिए संजीवनी का काम करेगी।

**Vacancy**

ब्यूरो चीफ
डिप्टी ब्यूरो चीफ
रिपोर्टर



दिल्ली क्राइम प्रेस के राष्ट्रीय अखबार से जुड़कर बने अपने जिले के समाचार और विज्ञापन प्रभारी।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें +91 83750 00984

## मुलायम सिंह यादव की हालत गंभीर, एडवांस सीआरआरपीटी सपोर्ट पर

**लखनऊ।** यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की तबीयत अभी भी गंभीर बनी हुई है। मुलायम की क्रिएटनिन लेवल बार-बार बढ़ता जा रहा है। एडवांस सीआ-रआरपीटी सपोर्ट पर रखा गया है। बताया जा रहा है कि उनकी सेहत कोई खासा सुधार नहीं हुआ है। गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल ने बुधवार को उनका हेल्थ बुलेटिन जारी करते हुए कहा कि वह इंटेंसिव केयर यूनिट में भर्ती हैं और विशेषज्ञों की टीम उनके इलाज में जुटी है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत शिवपाल यादव व सपा के कई नेता व समर्थक वहां मौजूद हैं। मंगलवार को उन्हें सीसीयू से निकाल कर आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। मुलायम सिंह को निम्न रक्तचाप और सांस लेने में तकलीफ के कारण पहले भी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस बीच, यादव की तबियत में सुधार के लिए उनके पैतृक गांव सैफई समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में विशेष प्रार्थनाएं और दुआएं की जा रही हैं। समाजवादी पार्टी (सपा) संस्थापक और पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव को देखने बुधवार को राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव पहुंचे। लालू के साथ उनके छोटे बेटे और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी थे। इस दौरान लालू और तेजस्वी ने मुलायम सिंह यादव के बेटे व यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव से बातचीत की।

# सम्पादकीय

## कनाडा को कब कसेगा भारत

कभी भारत का मित्र समझे जाने वाले कनाडा का रवैया विगत कुछ वर्षों से कतई मित्रवत नहीं रहा। वहां पर खालिस्तानी तथा भारत विरोधी तत्वों की लंबे समय से चल रही गतिविधियां और अब हिन्दू मंदिरों पर हमले को नजरअंदाज करना भारत के लिये असंभव है। यह समझना कठिन है कि आखिर कनाडा सरकार क्यों भारत विरोधी तत्वों को कायदे से कसने में देरी कर रही है। अब एक ताजा मामले में कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में श्री भगवद गीता पार्क में तोड़फोड़ की घटना हुई। हालांकि, कनाडा सरकार अभी इस आरोप से इनकार कर रही है। लेकिन, जब साक्ष्य हैं तो कबतक करेगी। कनाडा में भारत के उच्चायुक्त ने ट्वीट किया, हमलोग ब्रैम्पटन में श्री भगवद गीता पार्क में घृणा अपराध की निंदा करते हैं। हम कनाडा के अधिकारियों और पुलिस से मामले की जांच करने और दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई का अनुरोध करते हैं। दरअसल कनाडा में भारतीयों, खासतौर पर भारत से पढ़ने के लिए गए नौजवानों पर हमलों की लगातार घटनाएं बढ़ रही हैं। भारत छात्रों की फीस के रूप में कनाडा को प्रतिवर्ष अरबों डॉलर देता है। यह भी तो कनाडा की सरकार को याद तो रखना ही होगा। आपको याद होगा कि बीते अप्रैल के महीने में 21 वर्षीय भारतीय छात्र कार्तिक वासुदेव की कनाडा में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कार्तिक का संबंध उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से था और वह तीन महीने पूर्व जनवरी में ही पढ़ाई के लिए कनाडा गया था। भारत सरकार ने कार्तिक की हत्या और कुछ घटनाओं का संज्ञान लेते हुए कनाडा में अपने नागरिकों को घृणा अपराध, सांप्रदायिक हिंसा और भारत विरोधी गतिविधियों का हवाला देते हुए हाल ही सलाह दी थी कि वे सावधानी बरतें और सतर्क रहें। यह सलाह तो ठोस साक्ष्यों पर आधारित है। पर कनाडा सरकार ने अकारण ही अपने नागरिकों को गुजरात, पंजाब और राजस्थान राज्यों के सभी क्षेत्रों की यात्रा से बचने की सलाह दे दी, जो पाकिस्तान के साथ सीमा साझा करते हैं। यह शर्मनाक है कि कनाडा सरकार अपने नागरिकों को आतंकित कर रही है। वह भारत के जिन सूबों के बारे में बात कर रही है वहां पर तो कनाडा से कहीं ज्यादा अमन है। कहीं कोई गड़बड़ नहीं है। बेशक, कनाडा में भारत विरोधी गतिविधियों की घटनाओं में विगत दिनों में तेजी से वृद्धि हुई है। दुर्भाग्यवश इन अपराधों के अपराधियों को कनाडा में अब तक न्याय के कठघरे में नहीं लाया गया है। कौन नहीं जानता कि कनाडा में खालिस्तानी तत्व जरूरत से ज्यादा सक्रिय हैं। ये भारत को फिर से खालिस्तान आंदोलन की आग में झोंकने का सपना देखते हैं। हालांकि ये सफल नहीं हो सकते। क्या कोई भूल सकता है कनिष्क विमान हादसा? सन 1984 में स्वर्ण मंदिर से आतंकियों को निकालने के लिए हुई सैन्य कार्रवाई के विरोध प्रदर्शन में यह दर्दनाक हमला किया गया था। मांट्रियाल से नई दिल्ली जा रहे एयर इंडिया के विमान कनिष्क को 23 जून 1985 को आयरिश हवाई क्षेत्र में उड़ते समय 9,400 मीटर की ऊंचाई पर बम से उड़ा दिया गया था और वह अटलांटिक महासागर में गिर गया था। इस आतंकी हमले में 329 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे। कनाडा में रहने वाले खालिस्तानी जान लें कि भारत के करोड़ों सिख देश के लिए अपनी जान का नजराना देने के लिए हर पल तैयार हैं। वे खालिस्तानियों के साथ न पहले थे, न अब हैं। सारा भारत सिखों का आदर करता है। कुछ मुट्ठी भर भटके हुए तत्वों के कारण भारत-कनाडा संबंध बीते कुछ समय के दौरान कटु हुए हैं। कनिष्क विमान के हादसे के बाद भारत-कनाडा के बीच संबंध बुरी तरह से प्रभावित हुए थे। भारत के 1974 में परमाणु परीक्षण करने का कनाडा ने विरोध किया था। इस सबके बावजूद दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व की तरफ से संबंधों को सामान्य बनाए जाने की कोशिशें भी होती रहीं।

## फर्जी सेकुलरिस्टों की संघ विरोधी सोच



लेखक- अनिल बिहारी श्रीवास्तव /ईएमएस

मायावतीजी का रियेक्शन मिलने में थोड़ा विलंब हुआ। पचास-साठ घंटे का विलंब हो गया लेकिन बसपा सुप्रीमो की प्रतिक्रिया आई तो सही। लोग हैरान थे, आखिर बहिनजी चुप क्यों हैं, वह भी इतने अहम मुद्दे पर? शायद वह भीड़ का हिस्सा नहीं बनना चाहती रही हों। अतः रुक कर बोलीं। एक अंग्रेजी दैनिक में मायावती की प्रतिक्रिया छपी है। बसपा सुप्रीमो ने पॉपुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआई) पर प्रतिबंध लगाये जाने पर केंद्र की खिंचाई की है। उन्होंने कोई नई बात नहीं की। वही कहा, जो तथाकथित सेकुलरिस्ट राजनेताओं और विपक्षी राजनीति दल पहले बोल चुके हैं। मायावती ने कहा है कि केंद्र सरकार ने पीएफआई को चिन्हित कर निशाना बनाया है। लोग चिंतित हैं, ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे सरकार ने यह कदम स्व-हित और संघ के तुष्टिकरण के लिए उठाया है। ट्वीटर पर मायावती ने पूछा है, यदि पीएफआई देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा है तो सरकार इसी के जैसे अन्य संगठनों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार क्यों नहीं कर रही है? विपक्ष के एक वर्ग ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि राजद नेता लालू यादव, कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, के. सुरेश और रमेश चेन्निथला, माकपा महासचिव सीताराम येचुरी और इंडियन मुस्लिम लीग ने भी पीएफआई के साथ-साथ आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। पीएफआई की केरल राज्य इकाई के महासचिव अब्दुल सत्तार ने कहा है कि संगठन ने प्रतिबंध आदेश को स्वीकार किया है। उन्होंने संगठन को भंग किए जाने की घोषणा कर दी है। पीएफआई से आरएसएस की तुलना आश्चर्यजनक होने के साथ घोर आपति का विषय भी है। दोनों में किसी प्रकार की समानता नहीं है। इस विषय की शुरूआत राजद प्रमुख लालू यादव के बयान से करना सही होगा। पीएफआई पर प्रतिबंध पर लालू यादव की बौखलाहट उनके शब्दों से झलकती है। भ्रष्टाचार के चार मामलों में सजायाफ्ता लालू का बयान क्या कानून पसंद समाज में गंभीरता से लिए जाने योग्य है? लालू का कहना है कि ह्यवो(भाजपा) पीएफआई का हौआ खड़ा करते रहे हैं। देश में हिंदू उग्रवाद पनपने के लिए आरएसएस जिम्मेदार है इसलिए सबसे पहले उसी पर प्रतिबंध लगना चाहिए।ह्य पीएफआई के विरूद्ध प्रत्यक्ष कार्रवाई शुरू होते ही सबसे पहली प्रतिक्रिया संभवतः दिग्विजय सिंह की आई थी। उन्होंने ग्वालियर में कहा, देश में नफरत और उन्माद फैलाने वाले पीएफआई और आरएसएस एक समान हैं। इनके खिलाफ समान रूप से कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। लोगों को चिन्हित कर प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं। सिंह भाजपा और आरएसएस के खिलाफ टिप्पणी करने पर मानहानि के एक मुकदमे में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट के कोर्ट में पेश होने आए थे। उन्हें पचास हजार रुपये के निजी मुचलके पर जमानत मिल गई। आरएसएस के प्रति दिग्विजय की खुन्नस और अनेक विषयों पर विवादित बयानों का एक लंबा रिकॉर्ड है। जुलाई 2013 में उन्होंने कहा था कि संघ अपने कार्यकताओं को बम बनाने का प्रशिक्षण देता है। 2013 में ही उन्होंने बाटला हाउस एन्कॉउंटर को फर्जी करार दिया था। 2011 में कहा था कि 26/11 हमले से घण्टों पूर्व मुंबई के शीर्ष पुलिस अधिकारी हेमंत करकरे ने उनसे फोन पर कहा था कि उनका जीवन खतरे में है। इसके बाद उनकी मृत्यु का समाचार मुझे मिला था। अल कायदा नेता ओसामा बिन लादेन का उल्लेख करते हुए दिग्विजय ने उनके नाम के आगे जी शब्द लगा कर काफी आलोचना झेली थी। मुस्लिम उपदेशक जाकिर नाइक के साथ उनकी तस्वीरों पर आज भी लोग कटाक्ष करते हैं। ऐसे विवादित बयानवीर की संघ के प्रति खुन्नस को क्या गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है? पीएफआई के साथ संघ पर भी प्रतिबंध लगाने की मांग करने वाले राजनीतिक दलों और राजनेताओं में कुछ बातें समान हैं। इनमें से अधिकांश की राजनीति मुस्लिम तुष्टिकरण पर काफी हद तक टिकी है। इनमें यह धारणा प्रबल नोटिस की गई है कि आरएसएस का विरोध करके भाजपा के विरूद्ध समुदाय विशेष के वोटों का ध्रुवीकरण कर सकते हैं। इन विपक्षी दलों की भी दो श्रेणियां समझ में आती हैं। एक वर्ग वह है जो पीएफआई जैसे संगठन को समूचे मुस्लिम समुदाय से जोड़ कर देखता है। दूसरा पक्ष मुस्लिम समुदाय के हितों की रक्षा की बात करता है लेकिन वह पीएफआई को समूचे मुस्लिम समुदाय से जोड़ना पसंद नहीं करता। इस दूसरे वर्ग में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और माकपा को रख सकते हैं जिन्होंने पीएफआई का खुल कर विरोध किया है। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के नेता एम.के.मुनीर कहते हैं कि पीएफआई जैसे कट्टरपंथी संगठन ने कुरान की गलत व्याख्या की और मुस्लिम युवकों को हिंसा के रास्ते पर बढ़ने के लिए गुमराह किया। गौर करने लायक बात यह भी है कि आरएसएस पर प्रतिबंध की मांग करने वाले किसी राजनेता या राजनीतिक दल ने अपनी बात के समर्थन में ऐसा एकाध प्रमाण भी सामने नहीं रखा जिससे उनके दावे को बल मिल सके। सब गोलमाल बातें या यह कहें कि मौखिक जुगाली मात्र रहीं। पीएफआई से आरएसएस का समानता का कोई आधार नहीं है। चलिए, एकपल के लिए विपक्षी कुतर्क पर विश्वास कर लें कि आरएसएस हिंदू कट्टरवाद को बढ़ावा देता है लेकिन इसका यह मतलब नहीं निकाला जा सकता कि इससे अन्य धर्म-समुदायों के प्रति नफरत को बढ़ावा दिया जा रहा है। अगर आरएसएस हिंदू संस्कार, रीति-रिवाज, जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रेरित करता है तब इसमें गलत क्या है? कहीं लालू यादव बोलते दिखे थे कि आपातकाल के समय आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इस पर एक वरिष्ठ पत्रकार ने सटीक कटाक्ष याद आ गया-आपातकाल के समय काफी कुछ हुआ था। माना कि संघ पर प्रतिबंध लगाया गया था लेकिन क्या लालू खुद भी गिरफ्तारी से बचने उस समय लुकते-छिपते नहीं फिर रहे थे? आरएसएस को आतंकी संगठन मानने वाला वर्ग या तो बौद्धिक अंधत्व से पीड़ित है या फिर तुष्टिकरण की राजनीति के बावजूद आशानुकूल परिणाम नहीं आने से उसका मानसिक संतुलन खराब होने लगा है। समाज और राष्ट्र सेवा का लंबा इतिहास रखने वाले इस संगठन के बारे में जानने के लिए थोड़ा अध्ययन जरूरी है। संघ की विचारधारा इतनी प्रबल, सरल, स्पष्ट और गहरी है कि उसकी तुलना में अधिकांश संघ विरोधी राजनेता कोरा-कागज से अधिक नहीं दिखते। आरएसएस का 97 साल पुराना इतिहास समाज और राष्ट्रसेवा के उदाहरणों से भरा पड़ा है। विभाजन के समय भारत आए शरणार्थियों की सेवा और उनके लिए तीन हजार से अधिक शिविर आरएसएस ने लगाये थे। 1962 के चीन युद्ध के समय सेना को रसद पहुंचाने में मदद और रास्तों की निगरानी इसी संगठन ने की थी। 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के समय श्रीनगर हवाई अड्डे से बर्फ हटाने के लिए संघ के स्वयंसेवक ही उतरे थे। केदारनाथ में प्राकृतिक त्रासदी, गुजरात भूकंप, सुनामी का ताण्डव के समय आरएसएस ही राहत और बचाव में जुटा था। एक राजनीतिक विश्लेषक बता रहे थे कि कोविड महामारी के समय जब तमाम बड़बोले और राजनीति के तुर्रम खां दुबके बैठे थे इसी आरएसएस के लाखों कार्यकर्ता अपनी जान की परवाह किए बगैर लोगों की मदद में जुटे थे। राहत केम्प, मेडिकल सहायता और बस-रेल सहायता केंद्र चलाये जा रहे थे। प्रवासी मजदूरों की मदद के साथ राशन और मास्क बांटने में मदद की गई। आरएसएस और उसके सहयोगी संगठनों के द्वारा शिक्षा के प्रसार के लिए जो योगदान दिया जा रहा, वैसा ही कुछ करने की कल्पना तक ये आलोचक नहीं कर सकते। बात कड़वी लगेगी पर कहना जरूरी लग रहा है फर्जी सेकुलरिस्टों को केवल गाल बजाना आता है। संघ कुछ भी हो लेकिन वह कम से कम राष्ट्र के साथ गद्दारी नही कर सकता। कभी सुना है कि संघ के कारण आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा मंडराया हो या कभी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के लिए विदेश से फंडिंग की गई या कभी किसी आतंकवादी संगठन से जुड़ने के लिए संघ ने युवकों को गुमराह करने की कोशिश की हो? आरएसएस में खोट उन्हीं लोगों को दिखता है जिन्होंने तुष्टिकरण का मोटा चश्मा पहन रखा है।

## आज का कार्टून।




## गैर हिन्दुओं की जनसंख्या वृद्धि से चिंतित संघ प्रमुख...!


लेखक - ओमप्रकाश मेहता /ईएमएस

देश पर राज कर रही भारतीय जनता पार्टी के संरक्षक संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहनराव भागवत की आज की सबसे बड़ी चिंता देश में बढ़ रही जनसंख्या असंतुलन है, उनकी आशंका है कि जनसंख्या असंतुलन अतीत से देश के विभाजन का प्रमुख कारण रहा है, इसलिए हमें अभी से इस दिशा में सतर्क हो जाना चाहिए, यद्यपि उन्होंने अपने विजयादशमी महोत्सव सम्बोधन में इस संदर्भ में किसी धर्म या जाति विशेष का उल्लेख तो नहीं किया, किंतु उनके यदि संकेत को सही तरीके से समझा जाए तो उनका इशारा मुस्लिम वर्ग की ओर था, क्योंकि इसाई, सिख, बौद्ध या जैनियों की संख्या में तो आजादी से आज तक कोई खास अभिवृद्धि नहीं हुई किंतु मुस्लिमों की आबादी आजादी के बाद से अब तक पांच फीसदी से भी अधिक बढ़ी है, आजादी के समय देश की आबादी में मुस्लिमों का 9.08 फीसदी का हिस्सा था जो आज बढ़कर 14.23 हो गया है। अर्थात पिछले पचहत्तर वर्षों में देश में मुस्लिम वर्ग की संख्या में साढ़े पांच फीसदी से भी अधिक वृद्धि हुई, जबकि आजादी के समय इसाई 2.30 फीसदी थे और आज 2.30 फीसदी ही है, जहां तक सिख का सवाल है आजादी के समय ये 1.20 फीसदी थे तो आज 1.22 फीसदी है, बौद्ध आजादी के समय 0.74 फीसदी थे तो आज 0.70 फीसदी है और यदि जैन धर्म की संख्या की बात की जाए तो वे आजादी के समय 0.48 फीसदी थे तो आज 0.37 है। अर्थात सिख, बौद्ध और जैन तीनों समुदायों की जनसंख्या में कोई विशेष अभिवृद्धि नहीं हुई, किंतु मुस्लिमों का आजादी के समय जो 9.08 फीसदी था वह अब बढ़कर 14.23 फीसदी हो गया, जहां तक हिन्दूओं का सवाल देश की आजादी के समय इनकी जनसंख्या 84.1 फीसदी थी, वो आद घटकर 79.80 फीसदी हो गई है, अर्थात मुस्लिमों की जनसंख्या पांच फीसदी के करीब बढ़ी तो हिन्दूओं की संख्या पांच फीसदी कम हुई है, इसी पांच फीसदी के आंकड़े से संघ प्रमुख चिंतित नजर आ रहे है। अपने सम्बोंधन में संघ प्रमुख ने जनसंख्या पर नियंत्रण के कुछ उपाय भी सुझाये जिसमें लड़कियों के विवाह की न्यूनतम उम्र इक्कीस वर्ष निर्धारित करने का सुझाव दिया है, साथ ही परिवार नियोजन के साधनों-संसाधनों के प्रचार व इस संदर्भ में जागरूकता अभियान चलाने की भी राय दी, अपरोक्ष रूप से उन्होंने कांग्रेस के हम दो, हमारे दो नारे का समर्थन भी किया, साथ ही इस संदर्भ में सरकार से कड़े कानून बनाने की भी अनुशंसा की। संभवतः उनकी इस चिंता के पीछे कुछ मुस्लिम संगठनों का वह हालिया बयान भी हो, जिसमें अगले पच्चीस सालों में भारत को मुस्लिम राष्ट्र घोषित करने की बात कही गई थी। इधर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने भी देश में यथाशीघ्र समान नागरिकता संहिता लागू करने तथा जनसंख्या नियंत्रण कानून का सख्ती से पालन करने की मांग की है तथा भागवत के बयान की निंदा करते हुए, उनके बयान को उनकी कथित संकुचित मनोवृत्ति का प्रतीक बताया है। यहाँ यह भी समझा जा रहा है कि भागवत जी की इस चिंता के पीछे संयुक्त राष्ट्र संघ की वह ताजा रिपोर्ट भी है जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि भारत जनसंख्या के हिसाब से अगले साल तक चीन को पीछे छोड़ देगा बढ़ती जनसंख्या का बोझ भूमिगत जल भण्डारण के साथ-साथ मौजूदा जरूरी संसाधनों पर भी पड़ेगा, फिर पेयजल संकट के चलते भारत की स्थिति और अधिक खराब हो जाएगी।

## कौन है नीतिनिष्ठ व्यक्ति?

सदाचार एक व्यापक और सार्वभौम तत्व है। देशकाल की सीमाएं इसे न तो विभक्त कर सकती हैं और न इसकी मौलिकता को नकार सकती हैं। जिस प्रकार सूर्य का प्रकाश सबके लिए होता है, उसी प्रकार सदाचार के मूलभूत तत्व मानव मात्र के लिए उपयोगी होते हैं। कुछ व्यक्ति अपने राष्ट्र, कुल या परंपरागत आचार को विशेष महत्व देते हैं, किंतु यह अपनेपन का व्यामोह है। जो कुछ मैं कर रहा हूं, वह सदाचार है, इस धारणा की अपेक्षा व्यक्ति को ऐसी धारणा सुदृढ़ करनी चाहिए कि जो सत आचरण है, वह मेरे लिए करणीय है। सदाचारी व्यक्ति नीतिनिष्ठ होता है। वह किसी भी स्थिति में नीति के अतिप्रमण को अपनी स्वीकृति नहीं दे सकता। नीतिनिष्ठ व्यक्ति को परिभाषित करते हुए कहा गया है- जिस व्यक्ति में अभय, मृदुता, सत्य, सरलता, करुणा, धैर्य, कर्तव्यनिष्ठ और व्यक्तिगत संग्रह का संयम और प्रामाणिकता होती है, वह नीतिमान कहलाता है। जो व्यक्ति सत्य के प्रति समर्पित होता है, अन्याय का प्रतिकार करते समय भयभीत नहीं होता, अपनी भूल ज्ञात होने पर उसे स्वीकार करने में संकोच नहीं करता और कठिनतम परिस्थिति का मुकाबला करने के लिए तैयार रहता है, वह अभय का साधक होता है। कोमलता का नाम मृदुता है। यह सामूहिक जीवन की सफलता का सूत्र है। इसके द्वारा व्यक्ति के जीवन में सरसता आती है। मृदु स्वभाव में लोच होती है, इस स्वभाव वाला व्यक्ति किसी भी वातावरण को अपने अनुकूल बना लेता है। सत्य का अर्थ है यथार्थता। जो तथ्य जैसा है उसे वैसा ही जानना, मानना, स्वीकार करना और निभाना सत्य है। सत्य की साधना कठिन अवश्य है, पर है आत्मतोष देने वाली। आर्जव सरलता का पर्यायवाची शब्द है। सरलता सदाचार की आधारभूमि है। इसी उर्वरा में सदाचार की पौध फलती-फूलती है। मायावी व्यक्ति कभी सदाचारी नहीं हो सकता। करुणा सदाचार का मूल है। जिस व्यक्ति के अंतःकरण में करुणा नहीं होती, वह अहिंसा के सिद्धांत को समझ नहीं सकता। अहिंसा के बिना समता का विकास नहीं होता।

## राजस्थान में कांग्रेस में हालात ज्यों के त्यों बने रहेंगे!


लेखक-डॉ. भरत मिश्र प्राची (ईएमएस)



राजस्थान के मुख्यमंत्री अषोक गहलोत के कांग्रेस अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने की घोशणा के साथ कांग्रेस के भीतर राजस्थान की बदलती राजनीतिक पृश्ठिभूमि पर विपक्ष भाजपा की पैनी नजर पड़ी दिखाई दी जिसे राजनीतिक के परिपक्व खिलाड़ी अषोक गहलोत षीघ्र ही भांप गये। इस बदलती पृश्ठिभूमि पर अध्यक्ष पद का मोह त्यागकर एवं कांग्रेस के वर्तमान आलाकमान कार्यकारी अध्यक्ष से राजस्थान में पर्यवेक्षक के समक्ष घटित घटनाओं के लिये खेद जताकर अषोक गहलोत की राजनीतिक चाल ने कांग्रेस को फिर से संकट से उबार दिया जहां फिर से राजस्थान में कांग्रेस की सरकार को नये नेतृत्व की स्थिति संकट में डाल सकती। आज वे कुषल नेतृत्वदेने वाले साबित होते हुये फिलहाल राजस्थान में कांग्रेस के भीतर नये मुख्यमंत्री बनाये जाने की संभावनओं को नकार दिया। इस दौरान घटित राजनीतिक घटनाओं पर एक नजर डाले जहां अषोक गहलोत के कांग्रेस अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने की घोशणा के साथ राजस्थान में नये मुख्यमंत्री सचिन पायलट को बनाये जाने की केन्द्रीय प्रक्रिया षुरू हो गई जिसका भारी विरोध कांग्रेस के भीतर देखने को मिला जिसे बगावती तेवर माना गया। वर्तमान कांग्रेस के अधिकांष विधायक अषोक गहलोत के बदले सचिन पायलट के नेतृत्व को स्वीकार करने को तैयार नहीं हुये जिसका स्वरूप मुख्यमंत्री आवास पर कांग्रेस विधायकों की बुलाई गई बैठक असफल होने की प्रक्रिया के तहत देखा जा सकता। इस पूरे परिवेष ने एक बार फिर से कांग्रेस के भीतर चल रह कलह को दर्षा दिया जिसका राजनीतिक लाभ विपक्ष भाजपा को मिल सकता था पर राजस्थान की स्थिति मध्यप्रदेष से अलग बनी हुई थी जहां कांग्रेस की सरकार को आसानी से गिरा पाना संभव नहीं था। इस तरह के परिवेष में राजस्थान कांग्रेस के वर्तमान नेतृत्वधारी अषोक गहलोत पक्ष विपक्ष के हर खेमे से अपनी बहुमत की ताकत जुटाने में सफल नजर आये इसी कारण मुख्यमंत्री पद को लेकर सचिन पायलट के पूर्व में हुये बगावती तेवर सफल नहीं हो पाये। फिर से सचिन पायलट के बगावती तेवर उभरे ऐसा परिदृष्य फिलहाल नजर नहीं आ रहा है। आलाकमान में विष्वास जताते हुये केन्द्र से आये पर्यवेक्षक टीम के खिलाफ राजस्थान के अधिकांष विधायकों की कार्यवाही के बाद आलाकमान से दिल्ली में अभी हाल ही हुई अषोक गहलोत एवं सचिन पायलट की अलग अलग हुई मुलाकात के बाद से राजस्थान में नये मुख्यमंत्री सचिन पायलट को बनाये जाने की फिर से अटकलें लगाई जाने लगी पर अषोक गहलोत के बदले तेवर ने इस तरह की तमाम अटकलों पर फिलहाल रोक लगा दी जहां पूरे सत्र तक राजस्थान में कांग्रेस नेतृत्व अषोक गहलोत के बने रहने के आसार परिलक्षित होने लगे है जहां अधिकांष विधायकों का समर्थन अषोक गहलोत के साथ नजर आ रहा है जिसे आलाकमान किसी भी कीमत पर चुनौती देने को तैयार नहीं । इस परिस्थिति को फिलहाल सचिन पायलट एवं उनके समर्थक भी भांप गये है। कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव तक कांग्रेस के भीतर राजस्थान के हालात ज्यों के त्यों बने रहने के आसार है। जहां कांग्रेस के मुख्यमंत्री अषोक गहलोत ही बने रहेंगे। राजस्थान में वर्श 2023 के अंतराल में विधानसभा के चुनाव भी होने वाले है इसी कारण नये कांग्रेस अध्यक्ष भी इस हालात को बदलकर राजस्थान में कांग्रेस को संकट में नहीं डालना चाहेगा।

### प्रसंगतः ज्ञान की खेती


वाराणसी प्रवास के समय एक बार भगवान बुद्ध अपने शिष्यों के साथ एक किसान के यहां भिक्षा मांगने पहुंचे। किसान ने उन्हें घूरकर देखा और कड़े शब्दों में कहा- ‘‘मैं एक किसान हूँ। मैं कड़ी मेहनत करके अपनी आजीविका कमाता हूँ। आप बिना परिश्रम के भोजन क्यों प्राप्त करना चाहते हैं?’’ भगवान बुद्ध ने शांत स्वर में उत्तर दिया, ‘‘भाई मैं भी एक किसान हूँ। मैं ज्ञान की खेती करता हूँ। आत्मा ही मेरा खेत है। मैं ज्ञान के हल से जुताई करके उसमें श्रद्धा के बीज बोता हूँ। साधना एवं तपस्या के जल से उनकी सिंचाई करता हूँ। सत्य और अहिंसा के औजार से उनकी निराई करता हूँ। यदि तुम अपनी खेती का कुछ भाग मुझे दे दो तो मैं भी अपनी खेती का कुछ भाग तुम्हें दे दूंगा।’’ किसान महात्मा बुद्ध की बात से बहुत प्रभावित हुआ और उनका शिष्य बन गया। ज्ञान के लिए भी परिश्रम एवं साधना करनी पड़ती है।

DELHI CRIME 7 oct 2022:Layout 1 10/6/2022 8:14 AM Page 3



# कांग्रेस के पास नहीं आदमपुर हलके के उम्मीदवार, बाहरियों पर हो रहा विचार: अभय चौटाला

**-कुलदीप ने खुद को ईडी से बचाने व बेटे को स्थापित करने के लिए दिया इस्तीफा**
**-आदमपुर उपचुनाव के लिए इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक, कमेटी गठित**



**हिसार, (हि.स.)।** इनेलो के प्रधान महासचिव एवं विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा है कि कुलदीप बिश्नोई ने खुद को ईडी से बचाने के लिए भाजपा ज्वाइन की है। वरना ऐसे कोई हालात नहीं थे कि कुलदीप को इस्तीफा देना पड़ा।अभय सिंह चौटाला गुरूवार को हिसार में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। वे यहां इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी बैठक लेने आए थे। अभय चौटाला ने कहा कि आदमपुर का उप चुनाव होने जा रहा है। कुलदीप अपने बेटे को राजनीति में स्थापित करना और खुद को ईडी से बचाना चाहते थे, इसलिए उन्होंने इस्तीफा देकर सीट खाली कर दी। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में वोटर बहुत सोच समझकर वोट डालेगा। वोट उसे मिला करते हैं जो लोगों की लड़ाई लड़ें। अभय ने कहा कि जो कहते हैं कि आदमपुर हमारा गढ़ है, परंतु उन्हें ये भी पता है कि लोकसभा चुनावों में चौधरी भजन लाल का पुत्र और पोत्र दोनों हार चुके हैं। जब लोकसभा में हारे थे तो उप चुनाव में क्यों नहीं हार सकते। अभय ने कहा कि कांग्रेस वाले रोज नए-नए बयान देकर चर्चा बनाकर भ्रम पैदा कर रहे हैं। कांग्रेस के पास स्थाई उम्मीदवार नहीं है। कांग्रेस के दो नेताओं के नाम चल रहे हैं कि संपत सिंह और कभी जेपी लड़ेंगा परंतु दोनों बाहर के है। जिस पार्टी के पास हलके का उम्मीदवार नहीं है, लोग उसे कैसे स्वीकार करेंगे। इसलिए अगले तीन दिन के अंदर कार्यकताओं की राय जानकार 10 अक्टूबर तक ओपी चौटाला को रिपोर्ट करेंगे। इसके लिए पांच लोगों की जिम्मेदारी लगाई है। पांचों नेता हर गांव में कार्यकताओं से बात कर तीन से चार नाम लेकर आए, उनमें से ओपी चौटाला उम्मीदवार का चयन करेंगे।

इसके बाद 14 अक्टूबर को नॉमिनेशन किया जाएगा। अभय ने कहा कि आदमपुर कभी कांग्रेस का गढ़ नहीं रहा। आदमपुर में हमारा और भजनलाल का मुकाबला होता था। या तो लोगों का विश्वास भजन लाल के साथ था या फिर चौधरी देवीलाल के साथ। परंतु अब विश्वास खत्म होता जा रहा है क्योंकि ये लोग स्वार्थ की राजनीति करने लग गए है। पिछले 20 साल में कुलदीप ने धोखा ही दिया है। कुलदीप पूरे विधानसभा की ताकत को अपने घर में ही रखना चाहता है जिस कारण जनता में नाराजगी है।

# हिसार के एसपी बोले, बच्चों का माता-पिता के फोन तक पहुंचना खतरनाक

**-अभिभावकों से बच्चों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने का आह्वान**



**हिसार, (हि.स.)।** हिसार के पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा है कि इन दिनों बढ़ते साइबर क्राइम को देखते हुए बच्चों को फोन से दूर रखना व उन्हें जागरूक करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों का माता-पिता के फोन तक पहुंचना खतरनाक साबित होता जा रहा है, इसलिए बच्चों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करना जरूरी है। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने गुरूवार को कहा कि अक्सर बच्चों को माता-पिता के उपकरणों के साथ-साथ संवेदनशील व्यक्तिगत वित्तीय डेटा तक माता-पिता की निगरानी के बिना एक्सेस करते देखा जा सकता है। अपने माता-पिता के फोन तक बच्चों की पहुंच बेहद खतरनाक है क्योंकि बच्चे इंटरनेट पर हिंसक या आपत्तिजनक सामग्री के संपर्क में आ सकते हैं। अगर बच्चे अपने माता पिता की जानकारी के बिना उनकी ऑनलाइन बैंकिंग सुविधाओं का उपयोग कर ऑनलाइन शॉपिंग करते है तो यह एक अपराध है। हमारा बच्चा साइबर अपराध का शिकार न बने, इसके लिए हमें बच्चों की निगरानी करनी होगी। उन्होंने कहा कि कुछ ऐसे भी ऑनलाइन गेम है जो बच्चों को आत्महत्या तक के लिए प्रोत्साहित करते है। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि जब अभिभावक आसपास न हों तो अपने बच्चे को सोशल मीडिया का इस्तेमाल न करने दें। उसे अपना नेटवर्क रखने के लिए तभी प्रोत्साहित करें जब वह खतरों से पूरी तरह वाकिफ हो। उसे अपना दोस्त बनाएं ताकि आप उसका मार्गदर्शन कर सकें। एसपी लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि अपने बच्चे को सोशल मीडिया पर रिपोर्ट करना, ब्लॉक करना और साइबर अपराधियो से बचने के बारे में सिखाएं, बच्चे को असली और नकली प्रोफाइल में फर्क पहचानना सिखाएं अपने बच्चे से कहें कि वह अकेले ऑनलाइन शॉपिंग का विकल्प न चुनें, उन्हे बताएं कि ऑनलाइन शॉपिंग में आपके कार्ड का प्रतिरूपन हो सकता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि साइबर क्राइम होने पर अपने बच्चे को पुलिस तक पहुंचना सिखाएं। अपने बच्चों को साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जागरूक करे।

# जीव जन्तु संरक्षण करने की शिक्षा हमें पीढी दर पीढी मिली है: कंवरपाल



**यमुनानगर, (हि.स.)।** छछरौली के राजकीय महा विद्यालय में गुरुवार को आयोजित राज्य स्तरीय वन्य जीव सप्ताह के शुभारम्भ अवसर पर शिक्षा एवं वन मंत्री कंवर पाल गुर्जर बतौर मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने वन्य प्राणियों पर लगी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। वन मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति एक अनूठी संस्कृति है। ऐसी संस्कृति जिसकी मिसाल दुनिया में कहीं भी नहीं मिलती है। अहिंसा परमो धर्मा और जियो और जीने दो के सिद्धांतों को हमें मां की गोद में ही सिखाना शुरू कर दिया जाता है। दुनिया आज जीव जंतु संरक्षण की बात कर रही है। लेकिन सच पूछो तो हमारे लिए यह कोई नई बात नहीं है। हमारे ऋषि-मुनियों ने हमें जीव संरक्षण का उपदेश दिया। यही उपदेश पीढ़ी दर पीढ़ी चल रहा है और उसे हम बखूबी आज भी निभाते आ रहे है। उन्होंने कहा कि वन्य जीव और भारतीय संस्कृति में एक अटूट रिश्ता है। वन्य जीव प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनसे यहां प्रकृति के सौंदर्य में वृद्धि होती है वहीं यह कई वैज्ञानिक अध्ययनों के आधार भी है। प्रधान वन सरंक्षक हरियाणा जगदीश चंद्र ने कहा कि हरियाणा में 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक वन्य जीव सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। प्रदेश के साथ-साथ देश भर में वन्य जीव सप्ताह मनाया जा रहा है। वन्यजीवों को सुरक्षित करने के लिए आम लोगों में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता लाने के लिए यह वन्य जीव सप्ताह मनाया जा रहा है। जिला वन मण्डल अधिकारी सूरज भान ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद किया। मुख्य अतिथि का स्वागत बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर किया गया। मुख्य अतिथि कंवरपाल ने महाविद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण भी किया। मंच का संचालन रंग कर्मी राजीव रंजन ने किया।

# वर्ष 1996-1997 की तर्ज पर एक बार फिर चरमराएगी प्रदेश की सफाई व्यवस्था : दानव

**भिवानी, (हि.स.)।** एक तरफ जहां स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 में भिवानी जिला को प्रथम तथा हरियाणा प्रदेश को देश भर में द्वितीय स्थान मिला है, जिसका पूरा श्रेय स्वच्छता प्रहरियों की भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मचारियों को जाता है। लेकिन अब वे ही सफाई कर्मचारी मांगों को लेकर सख्त नजर आ रहे है तथा चेतावनी दे रहे कि यदि जल्द ही उनकी मांगे नहीं मानी तो अबकी बार भाजपा प्रदेश से बाहर का नारा देकर भाजपा को सत्ता की कुर्सी से गिराने का काम करेंगे, जिसकी शुरूआत आदमपुर उपचुनाव से होगी। सफाई कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि घोषित आंदोलन के तहत 4 अक्तूबर को शहर में उल्टी झाडू लेकर प्रदर्शन किया था।

11 व 12 अक्तूबर को क्रमिक भूख हड़ताल की जाएगी तथा 19 व 20 अक्तूबर को 2 दिन की काम छोड़ हड़ताल करेगा। यदि फिर भी 20 अक्तूबर तक मांगें का निवारण नहीं हुआ तो दो दिवसीय हड़ताल अनिश्चितकालीन हड़ताल में परिवर्तित की जाएगी। स्थानीय नगर परिषद यूनियन कार्यालय में गुरुवार को नगर पालिका कर्मचारी संघ की पत्रकार वार्ता आयोजित हुई। इस दौरान कर्मचारियों ने प्रदेश में सभी सरकारी विभागो, निगमों, बोर्डो, यूनिवर्सिटीयों, पालिकाओं, नगर परिषदों से सफाई व सीवर के कार्यो में जारी वर्क आउटसोर्सिंग, डोर टू डोर, ऑपरेशनल एंड मेंटेन्सन के ठेकों को समाप्त कर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों सहित सभी कच्चे सफाई व सीवर कर्मचारियों को पक्का किया जाए, सभी प्रकार के ठेकों पर रोक लगाते हुए नियमित भर्ती की जाए, सफाई व सीवरेज कर्मचारियों के एक्सग्रेसिया पॉलिसी बनाई जाए, अनियमित कर्मचारियों कोभ्भी एक्सग्रेसिया पॉलिसी में शामिल किया जाए, अनुबंध व विभिन्न प्रकार के ठेको पर लगे कच्चे कर्मचारियों को गेजुएटी का लाभ दिया जाए, अनियमित कर्मचारियों की मृत्यु होने पर 3 लाख के स्थान 10 लाख रुपए आर्थिक सहायता दी जाए, जोखिम भत्ता 5 हजार रुपए दिया जाए, नगर पालिका, नगर परिषद व नगर निगम अग्निशमन विभाग के तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की मांगों का बातचीत कर समाधान किए जाने की मांग की। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम दानव ने कहा कि लोगों के सुबह की शुरूआत मंदिरों से होती है, लेकिन सफाई कर्मचारियों के सुबह की शुरूआत शहर की सफाई के साथ होती है।

# सरकार ने मांगे नहीं मानी तो नगरपालिका कर्मी करेंगे भूख हड़ताल

**-संघ नेता ने 11 व 12 अक्टूबर को भूख हड़ताल कार्यक्रम का ब्यौरा दिया**



**हिसार, (हि.स.)।** हरियाणा में नगरपालिका कर्मचारियों संघ के आह्वान पर नगरपालिका के कच्चे कर्मचारी 11 व 12 अक्टूबर को प्रदेशभर में भूख हड़ताल करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का सफाई कर्मचारियों के प्रति रवैया नकारात्मक है। संघ के नेता राजेश बागड़ी ने गुरूवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में बताया कि सात अक्टूबर को गोहाना में आयोजित भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस समारोह में मुख्यमंत्री पहुच रहे हैं। मुख्यमंत्री अगर समाज के शुभचिंतक है तो सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करें। उन्होंने कहा कि सीवर में सफाई के दौरान लगातार कर्मचारियों की मौत हो रही है। इसका मुख्य कारण सरकार द्वारा सेफ्टी उपकरण उपलब्ध न करवाना है। सरकार से कई बार कर्मचारियों ने उपकरणों की मांग की है, बावजूद उन्हें यह उपलब्ध नहीं करवाए गए जिसकी वजह से कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर सफाई करने उतर रहे हैं।

राजेश बागड़ी ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों को अनदेखा कर रही है जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। इस कड़ी में प्रदेशभर के सभी जिलों में 11 वह 12 अक्टूबर को कर्मचारी दो दिवसीय भूख हड़ताल करेगा और 19 वह 20 अक्टूबर को दो दिवसीय हड़ताल करेगी। फिर भी सरकार कर्मचारियों को मांगों को नहीं मानती। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा अनिश्चित काल हड़ताल करके काली दिवाली मना सकता है। उन्होंने मांग की कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का करें सरकार, हरियाणा कौशल रोजगार निगम भंग करे, कर्मचारियों को 4000 जोखिम भत्ता दिया जाए, सभी प्रकार की कैटेगरी का ठेका प्रथा बंद करके सभी कर्मचारियों को पक्का करने समेत कई मांगे है जिन्हें पूरा करवाने के लिए वह लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं।

# पंजाबी बाग में श्री राम लीला में विजय दशमी महोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया गया




देवेंद्र यादव लाला लाजपत राय दशहरा स्टेडियम पंजबी बाग प्रशासन कीओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किया गया और भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहें और चप्पे चप्पे नजर रखते शांति का माहौल बनाए रखने का पब्लिक अनुरोध किया प्रशासन कि ओर से लगे हुऐ प्रतिबंध का पालन करते हुए बिना पटाखों के रावण दहन हुआऔर राम लक्ष्मण सीता सभी तरह की झांकियां भी निकाली गई शोभायात्रा और पब्लिक ने शान्ति का माहौल बनाए रखने में सहयोग किया एक लाख जनता के बीच रावण दहन किया गया मौका पर मौजूद सभी सदस्या मेला कि कमेटी कि ओर बताया जा रहा है पब्लिक कि भीड़ ने दो तीन साल का रिकॉर्ड तोड दिया पंजाबी थाने से मौजूद थाना प्रभारी राम लीला कमेटी सभी सदस्या संरक्षक,श्री सुभाष अग्रवाल, श्री सुनील महाजन श्री सुरेश अरोड़ा, विशेष आमंत्रित श्री मुकेश कुमार , डा, अनिल अग्रवाल श्री कैलाश सांकला विजय प्रभाकर चेयरमैन, रविन्द्र गुप्ता प्रधान, अन्य सदस्यों की मौजूदगी रावण दहन हुआ जय श्री राम।

# मंत्री कमल गुप्ता पर आचार संहित उल्लंघन का आरोप

**हिसार, (हि.स.)।** कांग्रेसी नेता व हरियाणा टैक्स ट्रिब्यूनल के पूर्व न्यायिक सदस्य हरपाल सिंह बूरा ने आदमपुर उपचुनाव की घोषणा होने व आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद इसकी धज्जियां उड़ाने पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के विरुद्ध मुख्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर कार्रवाई करने की मांग की है। पत्र में हरपाल बूरा ने कहा है कि शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने रेस्ट हाऊस में भाजपा कार्यकताओं की बैठक ली और उसके बाद प्रेस नोट भी जारी किया गया जो कि आचार संहिता का उल्लंघन है। हरपाल बूरा ने गुरूवार को बताया कि इस बाबत चुनाव अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इसके लिये एसडीएम की देखरेख में कमेटी बना रखी है, वह अपनी रिपोर्ट देगी।

# जुर्माना भरने की बजाए पराली प्रबंधन कर ले सकते है आर्थिक लाभ: शांतनु

**कुरुक्षेत्र, (हि.स.)।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि प्रशासन और कृषि विभाग ने ना चाहते हुए भी मजबूरी में बार-बार अपील करने के बाद भी फसल अवशेषों में आग लगाने पर 10 लोगों के चालान किए है तथा इन लोगों पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी किया है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग लोगों को लगातार जागरूक कर रहा है कि पराली व अवशेषों को आग लगाने की बजाए पराली का प्रबंधन करके आर्थिक रुप से लाभ लिया जा सकता है। सरकार द्वारा पराली का प्रबंधन करने के लिए प्रति एकड़ 1 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। कृषि विभाग की टीम ने सेटेलाइट से प्राप्त लोकेशन के अनुसार फसल अवशेषों में आग लगाने की सूचना के बाद 10 लोगों पर 25 हजार रुपए का जुमार्ना किया है। इन किसानों पर जुर्माना करना प्रशासन का मकसद नहीं था, अपितु इन किसानों को पराली का प्रबंधन करके 1 हजार रुपए का प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि की तरफ फोकस करवाना था। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग की तरफ से किसानों को कृषि यंत्र भी 50 से 80 फीसदी सब्सिडी पर उपलब्ध करवाए जा रहे है। इस योजना के तहत फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के तहत किसानों को पिछले वर्ष तक उपमंडल पिहोवा 105, शाहबाद में 18, थानेसर में 21 और लाडवा में 10 स्ट्रा बेलर उपलब्ध कराएं है। उन्होंने कहा कि इसी तरह पराली को मिट्टी में मिलाने के लिए उपयोगी सुपर मशीनें प्रदान की गई है, जिनमें पिहोवा में 196, लाडवा में 152, शाहबाद में 400 और थानेसर में 376 मशीन शामिल है।


एडवांस जर्नलिज्म एंड रिपोर्टिंग टेक्निक कोर्स

रिपोर्टिंग में अपना भविष्य बनाने वाले लोगों के लिए सुनहरा मौका



जॉब प्लेसमेंट 100 परसेंट गारंटीड

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें +91 8375000984


# दिल्ली दंगे में शहीद हुए रतन लाल की हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**- दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने अलीगढ़ से किया है आरोपी को गिरफ्तार**
**- दंगे के दौरान हत्या करने के बाद दो साल से फरार चल रहा था आरोपी मोहम्मद वसीम**




ताराचंद उपाध्याय सीएए के विरोध में दिल्ली में हुए दंगे के दौरान दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल रतन लाल की हत्या करने वाले आरोपी वसीम को क्राइम ब्रांच ने अलीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी वसीम पिछले 2 सालों से फरार चल रहा था वह अपने घर वालों से भी संपर्क में नहीं था। दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच के स्पेशल सीपी रविंद्र यादव ने बताया कि डीसीपी क्राइम ब्रांच की टीम ने अलीगढ़ से रविवार को गिरफ्तार किया है.

रतन लाल की हत्या के मामले में कोर्ट ने वसीम को भगोड़ा घोषित कर दिया था। 23 फरवरी 2020 को पुलिसकर्मियों को चांद बाग में तैनात किया गया था। उसी दौरान एक दिन विरोध प्रदर्शनों ने हिंसक रूप ले लिया। पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को सर्विस रोड पर लौटने को कहा, लेकिन वे हिंसक हो गए और पुलिस पर पथराव करने लगे और पेट्रोल बम फेंकने लगे। इसी झड़प में 50 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसी हमले में इलाज के दौरान हेड कांस्टेबल रतन लाल की मौत हो गई थी। पूछताछ में मोहम्मद वसीम ने बताया कि साल 2010 में वह दिल्ली आ गया था और यहीं रहने लगा। अपने दोस्तों के साथ उसने भी फरवरी 2020 में उअअ के विरोध प्रदर्शनों में भाग लेना शुरू किया। यहीं पर वह दंगा भड़काने वालों और असामाजिक तत्वों के संपर्क में आया। घटना वाले दिन उसने अपने साथियों के साथ कांच की बोतलों में थिनर भरकर एक घर की छत पर रख दिया। ये बम दंगों के दौरान पुलिसकर्मियों पर फेंके गए थे। घटना के बाद वह फरार हो गया और मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। पिछले दो साल से वह अपने घरवालों से भी संपर्क में नहीं था।

# तीन वैज्ञानिकों को मिलेगा इस वर्ष का रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार




**स्टॉकहोम, 6 अक्टूबर (हि.स.)।** शाही स्वीडिश विज्ञान अकादमी ने अमेरिका की कैरोलिन आर बटोर्जी व के बैरी शार्पलेस और डेनमार्क के मोर्टन मेल्डल को क्लिक केमिस्ट्री और बायोऑथोगोनल केमिस्ट्री के विकास के लिए संयुक्त रूप से रसायन विज्ञान में 2022 का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की है। बुधवार को शाही स्वीडिश विज्ञान अकादमी ने बताया कि शार्पलेस और मेल्डल ने क्लिक केमिस्ट्री के रूप में रसायन विज्ञान के एक क्रियात्मक प्रकार की नींव रखी है, जिसमें अणु-संबंधी रचक खंड जल्दी और कुशलता से एक साथ जुड़ते हैं। बैरी शार्पलेस और मोर्टन मेल्डल ने केमेस्ट्री के फंक्शनल फार्म 'क्लिक केमेस्ट्री' की नींव रखी है। कैरोलिन बटोर्जी ने क्लिक केमिस्ट्री को एक नए आयाम पर पहुंचाया है और जीवित जीवों में इसका उपयोग करना शुरू कर दिया है। नोबेल रसायन विज्ञान समिति के सदस्य प्रो ओलोफ रामस्ट्रॉम ने बताया कि नोबेल पुरस्कार के तहत तीनों को संयुक्त रूप से स्वर्ण पदक, एक करोड़ स्वीडिश क्रोना (तकरीबन 8.20 करोड़ रुपए) की राशि दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि विश्व का सबसे प्रतिष्ठित यह पुरस्कार स्वीडन के वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल के नाम पर दिए जाते हैं।

# ईरान में हिजाब विरोध के समर्थन में यूरोपीय सांसद व आस्कर विजेता अभिनेत्रियों ने काटे अपने बाल

**ब्रसेल्स/पेरिस, (हि.स.)।** ईरान में हिजाब के विरोध में उतरीं वहां की महिलाओं को वैश्विक समर्थन मिल रहा है। ताजा घटनाक्रम में एक यूरोपीय सांसद और आस्कर विजेता अभिनेत्रियों ने अपने बाल काटकर वीडियो शेयर कर विरोध जताया और आंदोलन कर रहीं ईरानी महिलाओं को अपना समर्थन दिया है। स्ट्रासबर्ग में यूरोपीय संघ की डिबेट को संबोधित करते हुए स्वीडिश राजनेता अबीर अल सहलानी ने संसद में बहस के दौरान अपने बाल काट लिए और कहा कि हम लोग और यूरोपीय संघ के नागरिक, ईरान में पुरुषों और महिलाओं के खिलाफ सभी प्रकार की हिंसा को बिना शर्त और तत्काल रोकने की मांग करते हैं। जब तक ईरान की महिलाएं स्वतंत्र नहीं होंगी, हम आपके साथ खड़े रहेंगे। अबीर अल सहलानी ने इस दौरान यूरोपीय संघ के सांसदों के सामने कैंची से अपने बाल काट दिए और कहा कि ईरान में मुल्लाओं की हुकूमत के हाथ खून से सने हैं। उनकी इस हरकत को देख सभी सांसद भी अवाक रह गए। अल सहलानी ने इस घटना का वीडियो अपने ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किया है। इसके अलावा आस्कर विजेता फ्रेंच अभिनेत्रियों जुलिएट बिनोचे, मैरिअन कोटिलर्ड समेत 50 से अधिक फ्रांसीसी महिला कलाकारों ने प्रतीकात्मक रूप से अपने बाल काटकर ईरान के हिजाब विरोधी आंदोलन का समर्थन किया है। महिलाओं की आबादी का समर्थन करने की बात कहते हुए जुलिएट बिनोशे ने बुधवार को वीडियो पोस्ट किए हैं। इसमें वह कैंची से अपने सिर





के बाल काटते हुए दिख रही हैं। फ्रांसीसी अभिनेत्रियां इसाबेल अदजानी, बेरेनिस बेजो, जूलियट बिनोचे, लार कैलामी, मैरियन कोटिलार्ड, जूली गेएट, शार्लोट गेन्सबर्ग, इसाबेल हुपर्ट और एलेक्जेंड्रा लैमी उन लोगों में से थीं, जिन्होंने अपने बाल काटते हुए खुद की तस्वीरें साझा कीं। हैशटैग हेयर फॉर फ्रीडम से इस तरह के तमाम वीडियो बहुप्रसारित हो रहे हैं। वहीं, बुधवार को इंटरनेट मीडिया पर ईरान के स्कूली छात्राओं का वीडियो प्रसारित हो रहा है, जिसमें तानाशाह की मौत का नारा लगाते दिख रही हैं। नॉर्वे स्थित समूह ईरान ह्यूमन राइट्स एनजीओ के अनुसार, महसा अमिनी की मौत पर देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं। ईरानी स्कूली छात्राओं और महिलाओं ने अमिनी की मौत के विरोध में अपने हिजाब को हटाकर और रैलियों का आयोजन करके बड़ी संख्या में प्रदर्शन किया है। कई महिलाओं ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए अपने बाल भी कटवा लिए हैं। उल्लेखनीय है कि ईरान में 13 सितंबर को हिजाब न पहनने पर महसा अमीनी को इस्लामी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। विरोध करने पर इस्लामी पुलिस ने महसा को इतना पीटा कि इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद पूरे ईरान में हिजाब विरोधी हिंसा भड़क उठी थी। बड़ी संख्या में पुरुषों ने भी महिलाओं के समर्थन में प्रदर्शन किया है। ईरान के सर्वोच्च नेता खमनेई का भी विरोध किया जा रहा है। इस बीच ईरानी सरकार ने दावा किया है कि हिजाब विरोधी प्रदर्शन के पीछे अमेरिका और इजरायल समेत पश्चिमी देशों का हाथ है।

**ईरान ने ब्रिटेन के राजदूत को दूसरी बार किया तलब –** ईरान ने ब्रिटेन के राजदूत सिमन शेरक्लिफ को दूसरी बार समन जारी कर हिजाब विरोधी आंदोलन को भड़काने का आरोप लगया है। यह समन ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लीवर्ली द्वारा ईरानी प्राधिकारियों से शांतिपूर्ण प्रदर्शन का सम्मान करने व गलत तरीके से हिरासत में लिए गए प्रदर्शनकारियों को छोड़ने के अनुरोध करने के दो दिन बाद आया है।

# न्यूजीलैंड में भारतीय मूल की मंत्री प्रियंका राधाकृष्णन से विदेश मंत्री जयशंकर ने की मुलाकात, भारतीय छात्रों से भी मिले

**आकलैंड, (हि.स.)।** न्यूजीलैंड के अपने पहले आधिकारिक दौरे पर आकलैंड पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को भारतीय मूल की मंत्री प्रियंका राधाकृष्णन से मुलाकात की। जयशंकर ने भारतीय छात्रा और भारतीय समुदाय के कई प्रतिष्ठित लोगों से भी मुलाकात की। कम्युनिटी एंड एथनिक कम्युनिटीज की मंत्री प्रियंका न्यूजीलैंड में पहली भारतीय मूल की मंत्री हैं। भारत में जन्मीं प्रियंका की नियुक्ति नवंबर, 2020 प्रधानमंत्री जैसिंडा एड्रेन की कैबिनेट में हुई थी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस मुलाकात की जानकारी ट्वीट करके दी। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा कि आकलैंड में मंत्री प्रियंका से मुलाकात अच्छी रही। न्यूजीलैंड की नामचीन हस्तियों के साथ उनके परस्पर संवाद के लिए धन्यवाद। भारत आगे भी बेहतर संबंधों के लिए भारत प्रतिबद्ध है। न्यूजीलैंड दौरे में जयशंकर ने प्रियंका राधाकृष्णन के अलावा कुछ सांसदों, व्यापारिक समुदाय के लोगों और भारतीय छात्रों समेत भारतीय समुदाय के प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात की। आकलैंड में विदेश मंत्री जयशंकर गुरुवार 6 अक्टूबर को प्रधानमंत्री जैसिंडा एड्रेन से मिलकर भारतीय समुदाय के लोगों की सहूलियत पर चर्चा करेंगे। इस अवसर पर दोनों नेता भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने पर एक डाक टिकट भी जारी करेंगे। इस पहले, बुधवार को ही जयशंकर ने फिनलैंड के विदेश मंत्री पेक्का हाविस्तो से फोन पर बातचीत की है। उन्होंने ट्वीट करके बताया कि दोनों नेताओं ने नजदीकी साझेदारी के लिए विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की है। विदेश मंत्री यहां पर 'मोदी@20: ड्रीम्स मीट डिलीवरी' पुस्तक का विमोचन करेंगे। सिख समुदाय के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष संबंध को प्रदर्शित करने वाली पुस्तक 'हार्टफेल्ट - द लिगेसी ऑफ फेथ' को जारी किया जाएगा। जयशंकर न्यूजीलैंड के साथ संबंधों के संपूर्ण पहलुओं पर चर्चा और समीक्षा करने के लिए आकलैंड में न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री नानैया महूता के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। वह कई मंत्रियों से भी बातचीत करेंगे। वेलिंग्टन में वे भारतीय उच्चायोग के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करेंगे।

# पुतिन की धमकियों के बढ़ते डर के बीच पोलैंड ने अमेरिका से मांगे परमाणु हथियार


**वाशिंगटन/वारसा, (हि.स.)।** यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध के बीच यूरोपीय देश पोलैंड ने अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिका से परमाणु हथियारों की मांग की है। पोलैंड ने आशंका जताई है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन की हमलावर सेना का सफाया करने के लिए परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकते हैं। पोलैंड के राष्ट्रपति डूडा की परमाणु हथियारों की मांग इस संकेत का ताजा उदाहरण है कि अमेरिका और उसके सहयोगी युद्ध में परमाणु के उपयोग को रोकना चाहते हैं। डूडा की यह टिप्पणी रूस द्वारा पड़ोसी बेलारूस में परमाणु हथियारों में अनुमति देने के बाद आई है। पोलिश राष्ट्रपति ने कहा कि पोलैंड के लिए "परमाणु साझाकरण" कार्यक्रम में शामिल होने का यह एक अवसर है। जिसके तहत अमेरिका पोलैंड को परमाणु बम की तकनीक हस्तांतरण के साथ प्रशिक्षण का अवसर दे सकता है। पोलैंड में अमेरिकी परमाणु हथियारों को ले जाना परमाणु अप्रसार संधि और 1997 में नाटो-रूस संस्थापक अधिनियम का उल्लंघन का मामला सामने आ सकता है।



# अंतरराष्ट्रीय स्थायित्व के लिए गंभीर खतरा होगा उत्तर कोरिया का आगामी परमाणु परीक्षणः पेंटागन

**सियोल/वाशिंगटन, (हि. सं.)।** उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण के जवाब में बुधवार को दक्षिण कोरिया और अमेरिकी सेना ने सतह से सतह पर मार करने वाली चार मिसाइलें दागीं। वहीं अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन ने उत्तर कोरिया के आगामी नए परमाणु परीक्षण को अंतरराष्ट्रीय स्थायित्व के लिए गंभीर खतरा पैदा करने वाला बताया है। वहीं बुधवार को परीक्षण के दौरान दक्षिण कोरिया की एक ह्युनमू-2सी मिसाइल लांच के बाद विफल होकर गिर गई। दक्षिण कोरियाई सेना ने कहा कि इससे कोई घायल नहीं हुआ है। पेंटागन ने कहा कि यदि प्योंगयांग ने फिर से ऐसा परीक्षण किया तो वह गंभीर भड़काऊ कदम होगा और क्षेत्र एवं अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा एवं स्थायित्व पर खतरा पैदा करेगा। उत्तर कोरिया पर लगाम लगाने और भविष्य की रणनीति को लेकर दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक-येओल और जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा इसी सप्ताह फोन पर बातचीत करेंगे। यून के कार्यालय ने बुधवार को कहा कि उत्तर कोरिया द्वारा दागी गई आइआरबीएम मिसाइल को लेकर तनाव पैदा हो गया है। दोनों नेता गुरुवार को बात कर सकते हैं। दक्षिण कोरिया की एक मिसाइल विफल रही जिससे उसके एक तटवर्ती शहर के लोग युद्ध शुरू होने की आशंका से सहम गए हैं। उत्तर कोरिया ने मंगलवार को एक इंटरमीडिएट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल दागी थी। इस मिसाइल के कारण जापान में अफरा-तफरी मची और रेल सेवा निलंबित करते हुए सरकार ने लोगों से सुरक्षित ठिकानों में जाने के लिए कहा था। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा ने उत्तर कोरिया के परीक्षण की निंदा की है। यूरोपीय यूनियन ने इसे लापरवाही भरा और जानबूझकर उठाया गया भड़काऊ कदम कहा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने निंदा करते हुए कहा है कि यह सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन है। अमेरिकी सेना एवं उसके सहयोगियों ने प्योंगयांग के जवाब में बुधवार को शक्ति प्रदर्शन तेज कर दिया। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ आफ स्टाफ ने कहा कि दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी सेना ने समुद्र में मिसाइलें दागीं।

# वर्ष 2030 के फीफा विश्व कप का स्पेन और पुर्तगाल के साथ यूक्रेन भी करेगा मेजबानी




**मैड्रिड/कीव, (हि.स.)।** वर्ष 2030 विश्व कप की मेजबानी स्पेन और पुर्तगाल के साथ युद्धग्रस्त यूक्रेन भी करेगा। यह तीनों देशों के फुटबाल संघ के अध्यक्षों ने फैसला लिया है। स्पेनिश फुटबॉल संघ (आरएफईएफ) के अध्यक्ष लुइस रुबियल्स ने कहा कि संस्थागत मुख्यालय मैड्रिड में है, प्रशासनिक मुख्यालय लिस्बन में है। अब यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल हमारे साथ एकजुट होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में हम व्यावहारिकताओं पर काम करेंगे। आरएफईएफ ने कहा कि रॉयल स्पेनिश फुटबॉल महासंघ और पुर्तगाली फुटबॉल महासंघ ने 2030 विश्व कप के आयोजन के लिए यूक्रेनी फुटबॉल संघ को इबेरियन बोली में शामिल किया। वर्ष 2026 के संस्करण की मेजबानी का अधिकार पहले ही तीन देशों कनाडा, मैक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका को दिया जा चुका है।

## आज का इतिहास 7 अक्टूबर

1552 अंग्रेजी भाषा के कवि और खोजी सर वाल्टर रैले का जन्म।
1879 ब्रिटेन ने अफगानिस्तान पर हमला किया।
1919 गांधीजी की नवजीवन पत्रिका का प्रकाशन शुरू हुआ।
1949 पूर्वी जर्मनी में जनवादी गणराज्य की स्थापना हुई थी।
1950 मदर टेरेसा ने कोलकाता में मिशनरीज ऑफ चैरिटीज की स्थापना की।
1958 पाकिस्तान में राष्ट्रपति सिकंदर मिर्जा ने मार्शल लॉ लागू किया।
1963 अमरीकी ब्रिटेन और सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण निर्बंध संधि पर हस्ताक्षर किए।
1967 यूनान की सैनिक सरकार ने निष्कासित प्रधानमंत्री और अन्यों पर लगे प्रतिबंध उठा लिए।
1970 संयुक्त अरब गणराज्य के उपराष्ट्रपति अनवर सादात ने राष्ट्रपति का कार्यभार संभाला।
1976 सैनिक सरकार ने थाईलैंड में स्थिति सामान्य बनाने के लिए प्रतिबंधों में ढील देनी शुरू की।
1981 मिस्त्र के उपराष्ट्रपति हुस्नी मुबारक राष्ट्रपति अनवर सादात के उत्तराधिकार मनोनीत किए गए।
1985 फलीस्तीनियों ने इटली के युद्धपोत आशिल लारे का भूमध्य सागर में अपहरण कर लिया।
1987 तिब्बत की राजधानी लहासा में लोकतंत्र समर्थकों को रोकने के लिए चीनी पुलिस ने सड़कों पर व्यवधान खड़े किए।
1988 यूगोस्लाविया में जनता ने अक्षण कम्युनिस्ट नेताओं को हटाने की मांग की।
2005 सुप्रीम कोर्ट ने बिहार विधानसंभा को भंग करने के फैसले को असंवैधानिक ठहराया।

# यूक्रेन से युद्ध के बीच इस साल 30 लाख रूसी तुर्किए पहुंचे, बड़ी संख्या में संपत्ति में किया निवेश

**मास्को (ईएमएस)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सैन्य भर्ती ने हजारों रूसियों के जीवन में बहुत कुछ बदल दिया है। पुतिन ने पिछले महीने जब से और सैनिकों की तैनाती की घोषणा की, हजारों रूसियों ने देश से पलायन शुरू कर दिया है। पिछले सप्ताह सेंट पीटर्सबर्ग छोड़ने वाले निकी प्रोशिन (28) ने बताया कि 21 सितंबर को पुतिन द्वारा यूक्रेन युद्ध के लिए सैनिकों की नई तैनाती की घोषणा के बाद से बड़ी संख्या में लोगों ने अपने देश को छोड़ दूसरे देश में शरण के लिए पलायन किया है। रूसी सैनिकों की और तैनाती की फैसला तब किया गया जब यूक्रेन की जवाबी कार्रवाई में कुछ रूसी सैनिक टुकड़ियों को पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा पिछले सप्ताह हजारों लोगों के लिए सब कुछ बदल गया, जिन्होंने रूस को छोड़ने का फैसला किया। इस फैसले की मुख्य वजह रूसी सेना में भर्ती होने को लेकर खतरा है। रूस के साथ तुर्किये का हवाई संपर्क बना है, जबकि अन्य देशों ने रूस से विमान सेवा रोक दी है। हालांकि, उन्होंने रूसियों को वीजा देने पर पाबंदी नहीं लगाई है, इसलिए रूसी किसी अन्य देश शरण लेने जाने से पहले तुर्किये आ रहे हैं। तुर्किए के अधिकारियों ने आधारिक रूप से नहीं बताया कि कितने रूसी अबतक आए हैं। लेकिन जर्मनी के बाद रूस सबसे अधिक पर्यटक तुर्किये भेजने वाले देशों की सूची में शामिल होने के करीब है। इस साल करीब 30 लाख रूसी, तुर्किए आ चुके हैं। तुर्किए की मीडिया ने भी खबर दी है कि रूसियों द्वारा देश में संपत्ति खरीदने और मकानों को किराए पर लेने की संख्या बढ़ी है। तुर्किये नाटो का सदस्य देश है, लेकिन ऊर्जा जरूरतों और पर्यटन के मामले में रूस पर निर्भर है।

# मेटावर्स वर्ल्ड में यूएई खोलेगा दुनिया का पहला मंत्रालय, देखने के लिए पहनना होगा खास चश्मा

**दुबई (ईएमएस)।** गगनचुंबी इमारत बनाने और मंगल मिशन शुरू करने के बाद अब संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने मेटावर्स की दुनिया की ओर अपने कदम बढ़ाए हैं। दुबई के चमचमाते भविष्य के संग्रहालय में शुरू की गई वर्चुअल दुनिया में अर्थव्यवस्था मंत्रालय भी अपनी सेवाएं देगा। इस मंत्रालय को केवल वे लोग देख पाएंगे जो वर्चुअल रियलिटी चश्मा पहनेंगे। व्यापार के साथ ही विदेशी सरकारों के साथ द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर करने के लिए भी इसे तैयार किया जाएगा। मेटावर्स एक ऑनलाइन दुनिया है जहां लोग खेल, काम और अध्ययन करने में सक्षम होंगे। इस दुनिया में पहुंचने के लिए व्यक्ति को वर्चुअल रियलिटी चश्मों का उपयोग करना पड़ेगा। हालांकि संयुक्त अरब अमीरात के अर्थव्यवस्था मंत्री ने माना है कि यह परियोजना अभी अपने शुरूआती चरण में है। दुबई स्थित मेटावर्स असेंबली के उद्घाटन में पहुंचे अब्दुल्ला बिन तौक अल मर्री ने बताया कि वह मेटावर्स परियोजना पर गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा वह अपने कर्मचारियों को वास्तव में मेटावर्स दुनिया के लिए प्रशिक्षित कर रहे हैं। 830 मीटर (2,723 फुट) ऊंची बुर्ज खलीफा सहित कई साहसिक परियोजनाओं को आकार देने वाले देश यूएई को उम्मीद है कि मेटावर्स 2030 तक वार्षिक जीडीपी में 4 बिलियन डॉलर और अपने कर्मचारियों की संख्या में 40,000 नौकरियां जोड़ सकता है। इसके लिए दुबई ब्लॉकचैन और संबंधित प्रौद्योगिकियों में विशेषज्ञता वाली 1,000 कंपनियों को आकर्षित करना चाहता है। एनालिसिस ग्रुप के शोध के मुताबिक मेटावर्स 10 वर्षों में मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका और तुर्की में सकल घरेलू उत्पाद में 360 बिलियन जोड़ सकता है।

# टीनएजर्स के रात में घर से बाहर निकलने पर प्रतिबंध

### नियम तोड़ने पर 40000 का जुर्माना

**न्यूर्याक (ईएमएस)।** अमेरिका के फिलाडेल्फिया में बच्चों और टीनएजर्स के लिए कर्फ्यू लागू किया गया है। यहां पर हत्याएं और हिंसक अपराध बढ़ रहे हैं। जिसके कारण रात में छोटे बच्चों एवं 16- 17 साल के किशोरों के सड़क पर निकलने पर प्रतिबंध लगाया गया है। नए अध्यादेश के अनुसार रात 10 बजे के बाद सड़क पर टीनएजर्स के ऊपर कानून का पालन नहीं करने पर 40000 रुपये तक का जुर्माना लगाने के प्रावधान किए गए हैं। यह जुर्माना बच्चों के माता-पिता पर लगाया जाता है। अमेरिका के कई शहरों में नगरीय सरकारों द्वारा हिंसक अपराधों पर काबू पाने के लिए कर्फ्यू लगाने का प्रावधान किया जाता है। 2020 के बाद से बड़ी तेजी से अमेरिका में अपराध बढ़ रहे हैं। स्थानीय पुलिस अधिसूचना के अनुसार बच्चों और युवाओं के रात में 10 बजे के बाद निकलने पर उन्हें पकड़ती है। बच्चों और युवाओं को उनके घर छोड़कर आती है, उनके माता-पिता से जुर्माना वसूल करती है।





यूक्रेन के जोपोरिझिया इलाके में रुसी हमले में क्षतिग्रस्त एक इमारत में राहत और बचाव के काम में लगे राहतकर्मी। (फोटो-ईएमएस)

# अगले साल तक अपना आईपीओ लाएगी फोनपे, मुख्यालय को सिंगापुर से भारत ला रही




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** वॉलमार्ट समूह की डिजिटल भुगतान कंपनी फोनपे अपने मुख्यालय को सिंगापुर से भारत लाने की तैयारी में है। कंपनी ने 3 अक्टूबर को कंपनी इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) शुरू करने की अपनी योजना से पहले अपने डोमिसाइल को सिंगापुर से भारत ट्रांसफर करने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। फोनपे ने कहा कि यह प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी हुई है। सबसे पहले पिछले एक साल में फोनपे ने फोनपे सिंगापुर के सभी व्यवसायों और सहायक कंपनियों को सीधे फोनपे प्राइवेट लिमिटेड(इंडिया) में ट्रांसफर कर दिया है। इसमें इसकी बीमा ब्रोकिंग और वेल्थ ब्रोकिंग सेवाएं शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि दूसरे स्टेप में फोनपे के बोर्ड ने हाल ही में एक नई कर्मचारी स्टॉक स्वामित्व योजना (ईएस-ाओपी) बनाने और फोनपे समूह के कर्मचारियों के मौजूदा ईएसओपी को फोनपे इंडिया की नई योजना के तहत नए ईएसओपी जारी करने की मंजूरी दी है। फोनपे के को-फाउंडर और सीईओ समीर निगम ने खुलासा किया था कि कंपनी अपनी रजिस्टर्ड यूनिट को सिंगापुर से भारत में ट्रांसफर करने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा था कि बोर्ड ने योजना पर पहले ही मंजूरी दे दी है और प्रक्रिया पूरी होने में कुछ ही समय शेष है। निगम ने कहा था, हम एक मेड इन इंडिया कंपनी हैं। हमारा हर ऑफिस, डेटा सेंटर और कर्मचारी यहां हैं। कोई कारण नहीं है कि हमें इस बाजार में योगदान नहीं देना चाहिए। भारत में अपनी होल्डिंग यूनिट को वापस लाने के लिए फोनपे का कदम कई स्टार्टअप और यूनिकॉर्न के फैसले के उलट है, जो पहले ही विदेश में अपना बिजनेस ट्रांसफर कर चुके हैं। कंपनी की योजना अगली साल तक आईपीओ लाने की है। वर्तमान में फोनपे यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) में एक बड़ी कंपनी है, जिसकी बाजार हिस्सेदारी 47 प्रतिशत है। यूपीआई स्टार्टअप के लिए म्यूचुअल फंड और बीमा सहित अन्य फाइनेंशियल सेवाओं को बेचने के लिए कंपनी का यह कदम महत्वपूर्ण हो सकता है।

# इनोवा क्रिस्टा और फॉच्र्युनर कार हुई महंगी

## -आएगा इनोवा क्रिस्टा का अपडेटेड वर्जन




**नई दिल्ली(ईएमएस)।** कंपनी ने इनोवा क्रिस्टा और फॉच्र्युनर महंगी कर दी है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर कंपनी की ये दोनों ही अपनी टॉप सेलिंग कारें है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने इनोवा क्रिस्टा का अपडेटेड वर्जन भी लाने वाली है। अपडेटेड वर्जन लॉन्च करने से पहले कंपनी ने इसकी कीमत बढ़ा दी है। कंपनी ने इनोवा क्रिस्टा एमपीवी की कीमत 23,000 रुपये बढ़ाई है। वहीं फॉच्र्युनर 77,000 रुपये तक महंगी हो गई है।

प्राइस हाइक के बाद इनोवा क्रिस्टा की शुरूआती कीमत 17.45 लाख रुपये हो गई है। वहीं टॉप वेरियंट की कीमत 23.83 लाख रुपये हो गई है। इनोवा डीजल मॉडल 19.13 लाख रुपये में उपलब्ध है। फॉर्च्यूनर लीजेंडर 4गुणा2 एटी, लीजेंडर 4गुणा4 एटी और जीआर स्पोर्ट 4गुणा4 एटी डीजल वेरिएंट की कीमत में अधिकतम 77,000 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। अब ये मॉडल क्रमशः 42.82 लाख रुपये, 46.54 लाख रुपये और 50,34 लाख रुपये में उपलब्ध हैं। टोयोटा कैमरी हाइब्रिड और वेलफायर हाइब्रिड की कीमतों में भी क्रमशः 90,000 रुपये और 1,85,000 रुपये की बढ़ोतरी की गई है।

अब, हाइब्रिड सेडान की कीमत 45.25 लाख रुपये और लक्जरी एमपीवी की कीमत 94,45,000 रुपये है। ध्यान दें कि उपरोक्त सभी कीमतें एक्स-शोरूम हैं। टोयोटा फॉच्र्युनर की बात करें तो 7-सीटर एसयूवी दो पेट्रोल (2.7एल) वैरिएंट-4एक्स2 एमटी और 4गुना2 एटी में आती है। ये मॉडल अब क्रमशः 32.59 लाख रुपये और 34.18 लाख रुपये में उपलब्ध हैं। 4एक्स2 एमटी और एटी डीजल वेरिएंट की कीमत क्रमशः 35.09 लाख रुपये 37.37 लाख रुपये है। जहां 4गुणा4 मैनुअल डीजल वेरिएंट की कीमत 38.93 लाख रुपये है, वहीं 4गुणा4 ऑटोमैटिक डीजल मॉडल की कीमत 41.22 लाख रुपये है।

# ओपेक प्लस तेल उत्पादन में कर सकता है कटौती

## - पेट्रोल और डीजल की कीमत हो सकती है बेकाबू




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** तेल उत्पादक और उनके सहयोगी देशों के संगठन ओपेक प्लस ने तेल के उत्पादन में रोजाना 20 लाख बैरल की कटौती करने का फैसला किया है। यह कोरोना महामारी के शुरू होने के बाद तेल के उत्पादन में सबसे बड़ी कटौती है। अमेरिका चाहता था कि ओपेक प्लस देश उत्पादन में कटौती से परहेज करें, लेकिन उसकी बात नहीं सुनी गई। ताजा आंकड़ों के मुताबिक अमेरिका में पिछले हफ्ते क्रूड और फ्यूल के भंडार में कमी आई। इस कारणों से बुधवार को कच्चे तेल की कीमत में तेजी आई और यह तीन हफ्ते के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इस बीच भारत में गुरुवार को भी पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ लेकिन आने वाले दिनों में देश में पेट्रोल-डीजल की कीमत में भारी तेजी आ सकती है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.59 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.54 रुपए और डीजल 94.32 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# यूनीकेम अमेरिका से उच्च रक्तचाप की दवा वापस लेगी




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** यूनिकेम फार्मास्युटिकल्स (अमेरिका) इंक अमेरिकी बाजार से उच्च रक्तचाप के उपचार में इस्तेमाल की जाने वाली दवा को वापस ले रही है। अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक की एक नवीनतम रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। अमेरिकी खाद्य एवं दवा प्रशासन (यूएसएफ-डीए) की रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी मुंबई स्थित यूनीकेम लैबोरेटरीज की एक इकाई उत्पाद मिश्रण के कारण क्लोनीडाइन हा-इड्रोक्लोराइड की 18,960 बोतल वापस ले रही है। यूएसएफडीए के अनुसार 0.2 मिलीग्राम की क्लोनीडाइन हाइड्रोक्लोराइड टैबलेट, 0.3 मिलीग्राम की 100 गोलियां की बोतल में पाई गई है। कंपनी जिन दवाओं को वापस ले रही है उन्हें गोवा स्थित यूनीकेम लैब लिमिडेट में बनाया गया है। इसे न्यू जर्सी स्थित यूनिकेम फार्मास्युटिकल्स (अमेरिका) इंक द्वारा अमेरिकी बाजार में वितरित किया गया।

# हुंडई मोटर्स क्रेटा का फेसलिफ्ट मॉडल भारत में होगा लॉन्च



**नई दिल्ली(ईएमएस)।** हुंडई मोटर्स इंडिया लिमिटेड कंपनी ने हुंडई वेन्यू एन लाइन भी भारत में लॉन्च की। अगले कुछ महीनों में हुंडई मोटर्स क्रेटा का फेसलिफ्ट मॉडल भारत में लॉन्च करेगी। अब आने वाले समय में हुंडई मोटर्स अपनी सबसे खास एसयूवी क्रेटा का एन लाइन वेरिएंट लॉन्च करने जा रही है। यह भी संभावना है कि उसी समय क्रेटा एन लाइन से भी पर्दा उठा दिया जाए। हुंडई मोटर्स की एन लाइन कारों की सबसे खास बात मॉडल का लुक होता है। देखने में ये रेगुलर मॉडल से ज्यादा स्पोर्टी और रिफ्रेशिंग होते लुक्स वाले होते हैं। क्रेटा एन लाइन में भी नए स्टाइल की ग्रिल और बंपर के साथ ही नई अलॉय व्हील्ज, डुअल एग्जॉस्ट जैसी कई खूबियां कार के एक्सटीरियर में देखने को मिलेंगी। इसके एक्सटीरियर के साथ ही इंटीरियर में भी रेड एक्सेंट के साथ जगह-जगह एन लाइन बैजिंग देखने को मिलने वाली है और हुंडई क्रेटा एन लाइन के इंजन और पावर की बात करें तो इसमें 1.4 लीटर का 4 सिलिंडर टबोर्चार्ज्ड पेट्रोल इंजन मिलने की उम्मीद है। कार में अड-वांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम के साथ ही मल्टीपल एयरबैग्स समेत लेटेस्ट सेफ्टी फीचर्स देखने को मिलने वाले हैं। वहीं, फीचर्स की बात करें तो इसमें वायरलेस स्मार्टफोन कनेक्टिविटी के साथ ही बड़ा टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस चार्जर, वेंटिलेटेड सीट्स समेक कई खास स्टैंडर्ड फीचर्स मिलने की उम्मीद है। यह इंजन 138 बीएचपी की पावर और 250 न्यूटन मीटर टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम है। क्रेटा एन लाइन में भी स्टैंडर्ड क्रेटा वाला इंजन ही यूज किया जाएगा जो कि 7 स्पीड डीसीटी से लैस होगा।

# देश में सेवा क्षेत्र की गतिविधि सितंबर में छह माह के निचले स्तर पर: पीएमआई



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** देश में सेवा क्षेत्र की गतिविधि सितंबर में छह महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई हैं। इस दौरान मुद्रास्फीति के दबाव के बीच नए व्यापार में बढ़ोतरी सबसे धीमी दर से हुई। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक अगस्त में 57.2 से घटकर सितंबर में 54.3 पर आ गया। यह मार्च के बाद सबसे धीमी दर से विस्तार को दर्शाता है। हालांकि लगातार 14वें महीने सेवा क्षेत्र की गतिविधि में विस्तार देखा गया। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से अधिक अंक का मतलब विस्तार है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की संयुक्त निदेशक पोल्याना डी लीमा ने ककि कि भारतीय सेवा क्षेत्र ने हाल के महीनों में कई बाधाओं को पार किया है। ताजा पीएमआई आंकड़े सितंबर में वृद्धि की गति के कुछ धीमा पड़ने के बावजूद मजबूत प्रदर्शन को दर्शाते हैं। सर्वेक्षण में कहा गया है कि कीमतों के दबाव, प्रतिस्पर्धी माहौल और प्रतिकूल सार्वजनिक नीतियों के चलते वृद्धि बाधित हुई है। लीमा ने आगे कहा कि अमेरिका में ब्याज दरों में बढ़ोतरी के कारण रुपए में तेज गिरावट से भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अतिरिक्त चुनौतियां पैदा हुई हैं।

# पाकिस्तान को 2.5 अरब डॉलर की मदद करेगा एडीबी




**इस्लामाबाद (ईएमएस)।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) बाढ़ से प्रभावित पाकिस्तान को राहत कार्यों के लिए 2.3 से 2.5 अरब डॉलर देने की घोषणा की है। पाकिस्तान में बाढ़ से 3.3 करोड़ लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। वित्त मंत्री इशाक डार और एडीबी के क्षेत्रीय निदेशक यॉन्ग यी के बीच बैठक के दौरान यह घोषणा की गई। एडीबी ने कहा है कि वह पाकिस्तान में बाढ़ राहत कार्यों के लिए 2.3 से 2.5 अरब डॉलर की मदद उपलब्ध कराएगा।

पाकिस्तान में बाढ़ से 1,600 से अधिक लोगों की जान गई है और हजारों की संख्या में लोग घायल हुए हैं।

# भारत में नए इलेक्ट्रिक मॉडल लॉन्च करेगी टाटा मोटर्स


## -ईवी सेगमेंट पर अपनी पकड़ और मजबूत करना चाहती है कंपनी



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स अब ईवी सेगमेंट पर अपनी पकड़ और मजबूत बनाना चाहता है। कंपनी कई नए इलेक्ट्रिक मॉडल भारत में लॉन्च करने वाली है। टाटा पंच वर्तमान में बाजार में 10 लाख रुपये से कम की सबसे सक्षम कारों में से एक है और इसे टियागो ईवी से ऊपर रखा जाएगा। पंच ईवी भी अल्फा प्लेटफॉर्म पर आधारित है और इसे अधिक शक्तिशाली पावरट्रेन के साथ पेश किए जाने की संभावना है। आगामी टाटा अल्ट्रोज ईवी को पहली बार ऑटो एक्सपो 2020 में प्रदर्शित किया गया था। 2023 में इस कार के लॉन्च होने की संभावना है। अल्ट्रोज ईवी को टाटा का अपडेटेड ज़िपट्रॉन पावरट्रेन मिलने की उम्मीद है और इसे एक बार चार्ज करने पर 400 किमी के करीब रेंज मिलेगी। टाटा कर्व ईवी को पहले टाटा द्वारा प्रदर्शित किया गया था और यह 2024 में भारत में लॉन्च हो सकती है। कर्व ईवी उसी टाटा एक्सआई प्लेटफॉर्म पर आधारित होगी जो टाटा नेक्सान को अंडरपिन करता है। इसकी कीमत 25-30 लाख रुपये हो सकती है। टाटा अविन्या ईवी कॉन्सेप्ट को भी ब्रांड द्वारा पहले प्रदर्शित किया गया था और यह ब्रांड के नए जेन 3 आर्किटेक्चर पर आधारित होगा। यह नया प्लेटफॉर्म न केवल कई बॉडी स्टाइल को सपोर्ट करता है, प्रोडक्शन-स्पेक वर्जन को देश में 2025 या 2026 की शुरूआत में पेश किए जाने की संभावना है। वर्तमान में टाटा नेक्सॉन इंडिया में सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी है।

## दैनिक पंचांग

07 अक्टूबर 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.43 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | वृश्चिक | 08.58 ब.से |
| मंगल | वृष में | धनु | 11.14 बजे से |
| बुध | कन्या में | मकर | 13.19 बजे से |
| गुरु | मीन में | कुंभ | 15.05 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मीन | 16.38 बजे से |
| शनि | मकर में | मेष | 18.09 बजे से |
| राहु | मेष में | वृष | 19.49 बजे से |
| केतु | तुला में | मिथुन | 21.47 बजे से |
| राहुकाल | 10.30 से 12.00 बजे तक | कर्क | 00.00 बजे से |
| | | सिंह | 02.16 बजे से |
| | | कन्या | 04.28 बजे से |

**शुक्रवार** 2022 वर्ष का 280 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944 **मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वादशी 07.27 बजे तदनन्तर त्रयोदशी 05.25 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** शतभिषा 18.17 बजे को समाप्त। **योग** गण्ड 23.30 बजे को समाप्त। **करण** बालव 07.27 बजे, कौलव 18.24 बजे तदनन्तर तैतिल 05.25 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 11.1 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 05° 25' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871394 **जूलियन दिन** 2459859.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2548 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 10 **विशेष** प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक | |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक | |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक | |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक | |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक | |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक | |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक | |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# एस्टन मार्टिन ने लांच किया डीबीएक्स 707

## -3.3 सैकेंड में 100 किमी रफ्तार



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** ब्रिटिश कंपनी एस्टन मार्टिन ने अपनी लग्जरी एसयूवी डीबीएक्स 707 को लॉन्च किया है। इस एसयूवी की खासियत यह है कि ये 3.3 सैकेंड में 100 किमी रफ्तार पकड लेती है। इंडिया में एस्टन मार्टिन की ये अब तक लॉन्च की गई सबसे महंगी एसयूवी है। इंडिया में इस एसयूवी की एक्स शोरूम प्राइस 4.63 करोड़ रुपये रखी गई है। इससे पहले एस्टन मार्टिन की एसयूवी डीबीएक्स जो इसकी पहली जनरेशन है वो इससे करीब 48 लाख रुपये सस्ती है।इस लग्जरी कार को स्पोर्ट्स कूप के तौर पर डिजाइन किया गया है। इसमें डबल वेन मैश पर्टर्न के साथ बड़ी ग्रिल और नए एलईडी ड-ीआरएल दिए गए हैं। कार को नया लुक देने के लिए बंपर के डिजाइन में भी बदलाव किया गया है। कार में रूफ स्पायलर के साथ ही डकटेल स्टाइल बूट लिड है जो इसके लुक को एन्हान्स करती है। कार में क्वाड एग्जॉस्ट सिस्टम है। इसमें मर्सिडीज कंपनी की ओर से बनाया गया 4.0 लीटर ट्विन टर्बो चार्ज वी8 इंजन है. कार ऑल व्हील ड्राइव है और इसमें 9 स्पीड ऑटो ट्रांसमिशन गियरबॉक्स है। साथ ही पैडल शिफ्टर्स भी दिए गए हैं। कार की परफॉर्मेंस की बात करें तो ये 3.3 सैकेंड में 100 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती है। वहीं कार की टॉप स्पीड की बात की जाए तो ये 310 किमी प्रति घंटे की है। माना जा रहा है कि डीबीएक्स 707 का कंपीटीशन पॉर्शे, मसराती, फरारी, लेंबॉर्गिनी और बेंटली जैसी कंपनियों की टॉप ऑफ द लाइन एसयूवी से होगा। बता दें कि फेस्टिव सीजन में विदेशी कंपनियां भी भारतीय बाजार में अपनी नई गाड़ियां लगातार लॉन्च कर रही हैं। अब इसी क्रम में कई कंपनियों ने अभी कई तरह मॉडल भारतीय बाजार में पेश कर दिए है।




**शुभ संवत 2079, शाके 1944, सौम्य गोष्ठ, अश्वनि शुक्ल पक्ष, शरद ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, पूर्वे शुक्रास्त पूर्वे, तिथि द्वादशी/त्रियोदशी, शुक्रवासरे, शतभिषा नक्षत्रें, गंड योगे, वालव करणे, कुंभ की चंद्रमा, प्रदोषक्रत, रवियोग, जातकर्म, अन्नप्रासन्न, नामाकरण, धान्य छेदन, औषधि सेवन, क्रय विक्रय, पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ होवेगी।**

**आज जन्म लिए बालक का फल....... .**

**आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, कमीशन एजेन्ट, बैंक कर्मचारी, लेखक-कवि, उद्योग-स्थापन करने वाला, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक।**

**मेष :- आशानुकूल सफलता का हर्ष, धन का लाभ, बिगड़े कार्य अवश्य ही बनेंगे, ध्यान रखें।**
**वृष :- विवादस्पद स्थितियां सामने आयेंगी, इष्ट मित्रों से तनाव बना ही रहेगा।**
**मिथुन :- समय की अनुकूलता से लाभांवित हों, आशानुकूल सफलता से लाभ अवश्य होगा।**
**कर्क :- आर्थिक असमंजस, विरोधियों से लाभ, किन्तु तनाव तथा मानसिक बेचैनी कष्टप्रद हो।**
**सिंह :- अशुद्ध गोचर रहने से विशेष कार्य स्थिगित रखें किन्तु धन का लाभ, विभ्रम होगा।**
**कन्या :- समय की अनुकूलता से लाभांवित हों, वाद-विवाद से मन में अस्थिरता बन जायेगी।**
**तुला :- तनाव, क्लेश व अशांति, विवाद किन्तु अर्थलाभ, कार्य-सिद्धी होगी, मन में हर्ष होगा।**
**वृश्चिक :- लेनदेन के मामले में हानि, विरोधी तत्व कष्टप्रद रखें, मित्रों से क्लेश होगा।**
**धनु :- सतर्कता से कार्य करें, इष्ट मित्र फलप्रद रहें, मित्रों से क्लेश व अशांति अवश्य होगी।**
**मकर :- दैनिक कार्यगति में बाधायें आयेंगी, मन असमंजस में रहे किन्तु समय अनुकूल है।**
**कुम्भ :- प्रत्येक कार्य में बाधा असमंजस में रखें किन्तु समय की अनुकूलता का लाभ लेवें।**
**मीन :- कुटुम्ब की चिन्ताएह मन व्यग्र रखें, कार्य विफलत्व से परेशानी अवश्य बनेगी।**

DELHI CRIME 7 oct 2022:Layout 1 10/6/2022 8:14 AM Page 6



# आईसीसी टी 20 विश्व कप के लिए गुरुवार की सुबह ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुई भारतीय क्रिकेट टीम



**मुंबई, (हि.स.)।** रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट टीम आगामी आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप के लिए गुरुवार सुबह ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सोशल मीडिया अकाउंट्स ने ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होने से पहले पूरे टीम की एक तस्वीर पोस्ट की। बीसीसीआई ने ट्वीट किया, "पिक्चर परफेक्ट है, चलो हम इसे करते हैं। विश्व कप हम आ रहे हैं।" भारत ने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में जीत दर्ज की है, लेकिन इन दोनों श्रृंखला में भारतीय टीम की गेंदबाजी चिंता का विषय रही है, खासकर डेथ ओवरों में। भारतीय टीम को विश्व कप में इस समस्या से जल्द से जल्द निजात पाना होगा। जसप्रीत बुमराह सोमवार को पीठ की चोट के कारण चार सप्ताह के टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। बुमराह को शुरू में विश्व कप टीम में शामिल किया था, लेकिम अब उनका न होना एक बड़ा झटका है। बीसीसीआई ने अभी तक बुमराह के प्रतिस्थापन की घोषणा नहीं की है। हालांकि साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और दीपक चाहर पहले से ही टूर्नामेंट के लिए स्टैंडबाय पर हैं। अपना विश्व कप अभियान शुरू करने से पहले भारत ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ कुछ अभ्यास मैच खेलेगा। भारतीय टीम 23 अक्टूबर को मेलबर्न में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरूआत करेगी।

# चोट के कारण डब्ल्यूबीबीएल से बाहर हुई इंग्लिश तेज गेंदबाज इस्सी वोंग



**मेलबर्न, (हि.स.)।** इंग्लैंड की तेज गेंदबाज इस्सी वोंग चोट के कारण महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) से बाहर हो गई हैं। वोंग होबार्ट हरिकेंस टीम का हिस्सा थीं। वोंग ने हाल के घरेलू सत्र के दौरान तीनों प्रारूपों में इंग्लैंड के लिए पदार्पण किया था। वोंग, जो पहले सिडनी थंडर के लिए खेल चुकी हैं, की जगह न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर हेले जेन्सेन को टीम में शामिल किया गया है, जो 2020-21 सीजन में हरिकेंस की प्रतिस्थापन खिलाड़ी थीं। होबार्ट हरिकेंस द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में जेन्सेन ने कहा, "जिस तरह से यह अवसर मेरे लिए आया है, यह इस्सी के लिए वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन मैं निश्चित रूप से इसे दोनों हाथों से लेने जा रही हूं।" उन्होंने कहा, "यह वास्तव में एक असामान्य स्थिति थी जब मैंने 2020 में डब्ल्यूबीबीएल में आखिरी बार हरिकेंस के लिए खेला था, मुझे हरिकेंस टीम में वास्तव में काफी सम्मान मिला है और मैंने टीम में अपने समय का आनंद लिया है। मैं ऑस्ट्रेलिया में आने, टीम के साथ बैठक करने और वहां कुछ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हूं।"

# हाशिका, ऋतिका ने राष्ट्रीय खेलों में जीते स्वर्ण




**राजकोट (ईएमएस)।** कर्नाटक की तैराक हाशिका रामचंद्र ने यहां राष्ट्रीय खेलों की तैराकी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते हैं। हाशिका ने महिलाओं के वर्ग में 200 मीटर बटरफ्लाई और उसके बाद चार गुणा 200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में स्वर्ण पदक जीता। इसी के साथ ही हसिका के 36वें राष्ट्रीय खेलों में अब कुल चार स्वर्ण पदक हो गये हैं। महिलाओं की 200 मीटर बटरफ्लाई में हाशिका रामचंद्र ने आस्था चौधरी को पीछे छोड़ते हुए दो मिनट 19.12 सेकेंड का समय निकाल कर नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस खिलाड़ी ने इससे पहले रिले टीम के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया था। वहीं मुम्बई की ऋतिका श्रीराम ने महिलाओं की 10 मीटर प्लेटफॉर्म स्पर्धा जीतकर हैट्रिक की ओर कदम बढ़ाया है। यह तीन दिनों में ऋतिका का दूसरा और राष्ट्रीय खेलों में 10वां स्वर्ण पदक है। ऋतिका ने सबसे ज्यादा 179.30 अंक हासिल किए जबकि मध्य प्रदेश की पलक शर्मा के 175.10 अंकों के साथ रजत और महाराष्ट्र की ईशा वाघमारे को 172.35 अंकों के साथ कांस्य पदक मिला है। वहीं पुरुष वर्ग में साजन प्रकाश ने पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के बाद भी 200 मीटर बटरफ्लाई में रिकार्ड बनाया। वहीं सर्विसेज ने 40 स्वर्ण सहित 89 पदक लेकर शीर्ष स्थान हासिल किया है जबकि हरियाणा 25 स्वर्ण लेकर दूसरे और महाराष्ट्र 24 स्वर्ण लेकर तीसरे स्थान पर है। गुजरात की महिला टेनिस खिलाड़ी जील देसाई ने महिला एकल में स्वर्ण पदक जीता। वहीं पुरुष एकल में तमिलनाडु के मनीष सुरेश कुमार ने महाराष्ट्र के अर्जुन काधे को फाइनल में 2-6, 6-1, 6-3 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। बैडमिंटन के पुरुष वर्ग में साई प्रणीत ने सेमीफाइनल में कर्नाटक के एम रघु को 21-12, 21-19 से जबकि मिथुन ने गुजरात के आर्यमन टंडन को 21-9, 21-11 से हराया जबकि महिलाओं के सेमीफाइनल में मालविका ने उत्तराखंड की अदिति भट्ट को 21-10, 19-21, 21-13 से, जबकि आकर्षी ने तान्या हेमंत को 21-9, 21-15 से पराजित किया। स्क्वाश में तमिलनाडु की सुनयना कुरुविला ने नाटकीय वापसी करते हुए महिला का एकल स्वर्ण जीता।



चीन में लिक्जिबर्ग की सराह सराह डी नुटल महिलाओं के टेबल टेनिस टीम राउंट में रिटर्न शॉट लगाती हुई। (फोटो-ईएमएस)

# गल्फ ऑयल लुब्रिकेंट्स की ब्रांड एंबेसडर बनीं स्मृति मंधाना



**मुंबई, (हि.स.)।** हिंदुजा समूह की कंपनी गल्फ ऑयल लुब्रिकेंट्स ने लोकप्रिय भारतीय महिला क्रिकेटर व वर्तमान उप-कप्तान स्मृति मंधाना को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इसके साथ, ही गल्फ ऑयल लुब्रिकेंट के क्षेत्र में पहली ऐसी कंपनी बन गई है जिसने किसी महिला क्रिकेटर को संगठन और उसके लोकाचार का प्रतिनिधित्व करने के लिए एंबेसडर नियुक्त किया है। इसी के साथ स्मृति मंधाना प्रसिद्ध क्रिकेटरों और वर्तमान ब्रांड एंबेसडर महेंद्र सिंह धोनी और हार्दिक पांड्या की सूची में शामिल हो गई हैं। नई महिला युवा आइकन, स्मृति, आदर्श ब्रांड एंबेसडर हैं क्योंकि वह गल्फ ऑयल की मजबूत खेल विरासत का प्रतीक हैं, और बेहतर प्रदर्शन के लिए उनकी प्रतिबद्धता संगठन के मूल्यों के अनुरूप है। इस एसोसिएशन के माध्यम से, गल्फ ऑयल का उद्देश्य महिला शक्ति का जश्न मनाना और भारतीय महिला क्रिकेटरों की उपलब्धियों का सम्मान करते हुए देश में महिला दर्शकों को प्रेरित करना है। ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने पर मंधाना ने कहा, मैं गल्फ ऑयल के साथ जुड़कर उत्साहित हूं, एक प्रतिष्ठित लुब्रिकेंट ब्रांड जिसने अपने उत्पाद की गुणवत्ता और सेवा के लिए वर्षों से भारतीय उपभोक्ताओं का विश्वास अर्जित किया है। गल्फ, एक ब्रांड के रूप में, खेल के साथ एक लंबे समय से जुड़ा हुआ है और मुझे उस ब्रांड का हिस्सा होने पर गर्व है, जिसके युवा उपभोक्ता आधार के बीच बहुत अच्छा अनुसरण है। मैं एमएस धोनी और हार्दिक पांड्या के साथ लाइनअप में शामिल होने के लिए रोमांचित हूं और एक साथ हमारी यात्रा के लिए तत्पर हूं। वहीं, गल्फ ऑयल लुब्रिकेंट्स के एमडी और सीईओ रवि चावला ने कहा, हाल के दिनों में, हमने एक नए ऑडियंस सेगमेंट से अपने उत्पादों की बढ़ती मांग को देखा है। एक संगठन के रूप में जो बदलते समय के साथ नेतृत्व करने के लिए दृढ़ है, हम भारत में महिला वाहन मालिकों के बीच अपने ब्रांड रिकॉल को मजबूत करना चाहते हैं। मंधाना हमारे लिए एक स्वाभाविक पसंद थी क्योंकि वह गल्फ ऑयल के साथ मूल्यों में बहुत तालमेल साझा करती हैं। हमारा देश के शीर्ष एथलीटों के साथ जुड़ने का एक लंबा इतिहास रहा है। स्मृति निस्संदेह बड़े पैमाने पर क्रिकेट जगत में उच्च स्तर की लोकप्रियता और विश्वसनीयता हासिल करती है। हमें विश्वास है कि यह सहयोग हमें सभी तरह के उपभोक्ताओं, पुरुष और महिला दर्शकों से समान रूप से जुड़ने में मदद करेगा, हमारे ब्रांड को मजबूत करेगा और क्रिकेट के खेल के साथ हमारे जुड़ाव को बढ़ाएगा।

# रांची में भारत-दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट मैच के टिकटों की बिक्री शुरू

**रांची, (हि.स.)।** राजधानी रांची में नौ अक्टूबर को भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में मैच होगा। दोनों देशों के बीच वनडे मैच सीरीज का दूसरा मैच यहां खेला जाना है। इस मैच के लिए टिकट आज से मिलना शुरू हो गया। जेएससीए सचिव के मुताबिक स्टेडियम के पश्चिमी गेट के पास बने काउंटर से टिकट मिलेगा। टिकटों की बिक्री शाम चार बजे तक होगी। दर्शक पेटीएम के एप पर ऑनलाइन भी टिकट बुक कर सकते हैं। ऑनलाइन टिकट Paytm app, Paytm Insider app और www.insider.in web के जरिए भी हासिल किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि टिकट काउंटर से एक व्यक्ति को अधिकतम तीन टिकट ही मिलेंगे। इसके लिए आधार कार्ड की फोटो कॉपी देना अनिवार्य होगा।



# डब्ल्यूबीबीएल : सिडनी थंडर में शामिल हुई इंग्लैंड की बल्लेबाज एमी जोन्स




**मेलबर्न, (हि.स.)।** इंग्लैंड की बल्लेबाज एमी जोन्स सिडनी थंडर में शामिल हो गई हैं। जोन्स ने डब्ल्यूबीबीएल में सिडनी सिक्सर्स और पर्थ स्कॉर्चर्स के साथ पांच सीजन खेले हैं। उन्होंने अपने सीजन के अंत में हीथर नाइट के चोटिल होने पर इंग्लैंड की कप्तानी भी की है। भारत के खिलाफ हाल की श्रृंखला में इंग्लैंड की कप्तानी करने वाली जोंस ने कहा कि वह डब्ल्यूबीबीएल में खेलने के लिए उत्साही हैं। जोन्स ने सिडनी थंडर द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा, "मुझे लीग में एक या दो साल हो गए हैं। इसलिए फिर से प्रतियोगिता का हिस्सा बनना बहुत अच्छा होगा। उम्मीद है कि सिडनी थंडर के लिए कुछ जीत में योगदान दे सकूंगी।" 29 वर्षीय जोन्स ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट की महान रशेल हेन्स के साथ सिडनी थंडर की टीम का हिस्सा होंगी। जोन्स ने कहा, "मैंने 2018 में लॉफबोरो लाइटनिंग [इंग्लैंड की टी 20 प्रतियोगिता में] में राचेल के साथ खेला और वह एक उत्कृष्ट कप्तान थीं। थंडर के पास अनुभव और युवाओं का जबरदस्त मिश्रण है। मैंने हीथर नाइट और टैमी ब्यूमोंट से जो सुना है वह यह है कि क्लब वास्तव में अच्छे लोगों का एक समूह है। मैं इसका हिस्सा बनने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती।"

# बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षी कश्यप ने छत्तीसगढ़ के लिए पदक किया पक्का




**रायपुर, (हि.स.)।** छत्तीसगढ़ की अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षी कश्यप ने गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेल में बैडमिंटन की महिला स्पर्धा के फायनल में पहुंच गई है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के लिए पदक पक्का कर लिया है। सूरत में आयोजित इस प्रतियोगिता में बुधवार को आकर्षी ने सेमीफायनल में तान्या हेमंत को 21-13, 21-15 से परास्त किया। आकर्षी का फायनल में मुकाबला इस खेल की प्रथम वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मालविका बंसोड़ से होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और खेल मंत्री उमेश पटेल सहित बैडमिंटन संघ के समस्त पदाधिकारियों, संचालक खेल एवं युवा कल्याण श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने आकर्षी को बधाई देते हुए फायनल मैच में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी है।

# कॉर्नवाल ने अमेरिकन टी20 लीग में दौहरा शतक लगाकर बनाया रिकार्ड

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** वेस्टइंडीज के बल्लेबाज रहकीम कॉर्नवाल ने अमेरिकन टी20 क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने के साथ ही एक नया विश्व रिकार्ड बनाया है। सबसे अधिक वजन वाले कॉर्नवाल ने अटलांटा फायर टीम की ओर से खेलते हुए स्क्वॉयर ड्राइव टीम के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। कॉर्नवाल ने इस दौरान 266.23 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 77 गेंदों में नाबाद 205 रन बनाये। उन्होंने अपनी पारी के दौरान 22 छक्के और 17 चौके लगाए। इस क्रिकेटर ने इससे पहले कैरेबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) में भी आक्रामक पारी खेली थी। इस बल्लेबाज ने सीपीएल में 54 गेंदों पर 91 रन बनाये थे। तब वह 9 रन से शतक नहीं लगा पाये थे। इस बल्लेबाज ने तब 11 छक्के और दो चौके लगाए थे।

# अस्ताना ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे जोकोविच, क्रिस्टियन गारिन को हराया



**अस्ताना, (हि.स.)।** सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने अस्ताना ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। जोकोविच ने पहले दौर में 62 मिनट तक चले मुकाबले में चौथी वरीयता प्राप्त क्रिस्टियन गारिन को हराया। जोकोविच ने गारिन को सीधे सेटों में 6-1, 6-1 से हराया। मैच के बाद जोकोविच ने कहा, "एक नए टूर्नामेंट व अलग-अलग परिस्थितियों में, पहला मैच कभी भी आसान नहीं होता है। जाहिर है, आप यह देखना चाह रहे हैं कि आप कैसे अनुकूलन करने जा रहे हैं, लेकिन मैंने इसे पूरी तरह से किया,मैंने मेरे सामने पेश किए गए हर मौके का इस्तेमाल किया।" जोकोविच ने कहा, "मैं भाग्यशाली था कि अपने पूरे करियर में मैं वास्तव में विभिन्न परिस्थितियों और सतहों के साथ तालमेल बिठाने में काफी तेज था। लेकिन मुझे लगता है कि अनुभव यह जानने में मदद करता है कि क्या करना है। एक टूर्नामेंट जीतना और फाइनल या सेमीफाइनल में हारने से मानसिक रूप से फर्क पड़ता है। इस टूर्नामेंट में आकर मुझे आत्मविश्वास महसूस होता है, मैं उत्साहित महसूस करता हूं, मैं प्रेरित महसूस करता हूं, इसलिए मुझे लगता है कि यह जल्दी से समायोजित होने में भी मदद करता है।" सत्र के अपने चौथे टूर-स्तरीय खिताब के लिए खेल रहे जोकोविच का सामना दूसरे दौर में बॉटिक वैन डे जैंडस्चुल्प से होगा।

# प्रो लीग से मिलेगा सुधार का अवसर : मनप्रीत




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह ने कहा है कि अगले महीने होने वाले एफआईएच प्रो लीग में स्पेन से खेलने का लाभ टीम को विश्व कप में मिलेगा। भारतीय टीम को विश्वकप में अपना पहला मैच स्पेन से ही खेलना है। मनप्रीत के अनुसार प्रो लीग मैच से उनकी टीम स्पेन की रणनीति बेहतर तरीके से समझ पायेगी। मनप्रीत ने कहा, यह अच्छा है कि हमें प्रो लीग मुकाबले में अभी स्पेन के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा। इससे हमें उनके खेलने का तरीका समझने का अवसर मिलेगा। साथ ही हमे पता चलेगा कि विश्व कप से पहले टीम को किस प्रकार के सुधार करने हैं।' उन्होंने कहा, कुल मिलाकर हॉकी के लिए यह रोमांचक समय है और मुझे उम्मीद है कि दुनिया भर से प्रशंसक हमारा हौंसला बढ़ाने के लिए राउरकेला और भुवनेश्वर आएंगे।' भारतीय टीम विश्व कप के पूल डी में इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स के साथ है। विश्व कप में स्पेन के खिलाफ भारतीय टीम का मुकाबला नये बने राउरकेला स्टेडियम में खेला जाएगा। यह विश्वका सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम बना है। मनप्रीत ने कहा, हम सभी ने अनुभव किया है कि भुवनेश्वर के कलिंग हॉकी स्टेडियम में माहौल कितना बेहतर हो सकता है। मैंने सुंदरगढ़ के टीम के अपने साथियों से पता चला है कि इस क्षेत्र के प्रशंसक सभी मुकाबलों के लिए बड़ी संख्या में राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में पहुंचेंगे।' उन्होंने कहा कि नये बने बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में 20 हजार से अधिक लोगों के बीच खेलने का अनुभव अनूठा रहेगा।

# वायु सेना 30 और सुखोई विमानों को 500 किमी. रेंज की ब्रह्मोस मिसाइल से लैस करेगी

**- फिलहाल दुनिया की एकमात्र सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल से लैस हैं 40 सुखोई**
**- ब्रह्मोस से लैस 70 सुखोई विमान होने से और ज्यादा बढ़ेगी आसमानी ताकत**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** वायु सेना अपने 30 और लड़ाकू सुखोई विमानों को 500 किलोमीटर से अधिक रेंज की ब्रह्मोस मिसाइल से लैस करेगी। फिलहाल वायु सेना के पास दुनिया की एकमात्र सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल से लैस 40 सुखोई-30 एमकेआई विमान हैं, जिन्हें पाकिस्तान के साथ देश की पश्चिमी सीमा और चीन के साथ पूर्वी सीमा पर तैनात किया गया है। वायु सेना के पास ब्रह्मोस से लैस 70 सुखोई विमान हो जाने के बाद भारत की आसमानी ताकत और ज्यादा बढ़ जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार भारतीय वायु सेना ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल के साथ एकीकृत सुखोई-30 लड़ाकू विमानों की संख्या बढ़ाने के लिए तैयार है, जिसकी रेंज अब 500 किलोमीटर से अधिक है। आ-ईएएफ के पास वर्तमान में ब्रह्मोस के साथ 40 सुखोई लड़ाकू विमान हैं। इस मिसाइल की सीमा पहले 290 किमी. थी लेकिन इसे अब 500 किमी. से अधिक तक बढ़ा दिया गया है। ब्रह्मोस की रेंज को 800 किमी. से 1,500 किमी. तक बढ़ाने पर भी काम किया जा रहा है। इस मिसाइल ने अपनी असाधारण सटीकता के साथ हमला करने के मामले में भारतीय वायुसेना को एयरोस्पेस की दुनिया में बहुत ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। वायु सेना ने अगस्त, 2020 में तमिलनाडु के तंजावुर में ब्रह्मोस से लैस सुखोई-30 एमकेआई फाइटर जेट्स के 222 'टाइगर शार्क' स्क्वाड्रन को कमीशन किया था। यह पहली बार था जब चौथी पीढ़ी के वायु सेनानियों को दक्षिणी वायु कमान से बाहर किया गया था। वायु सेना ने सुखोई-30 की समुद्री हमले की क्षमता को देखते हुए हिंद महासागर क्षेत्र में चीनी नौसेना की बढ़ती मौजूदगी का मुकाबला करने के लिए यह कदम उठाया था। रणनीतिक कारणों से तंजावुर भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है, इसीलिए सुखोई-30 एमकेआई को यहां तैनात करने का फैसला लिया गया था। टाइगर शार्क स्क्वाड्रन में 18 लड़ाकू विमान हैं, जिनमें से लगभग छह ब्रह्मोस से लैस हैं। कुल मिलाकर वायु सेना के पास ब्रह्मोस से लैस 40 सुखोई विमान हैं, जिन्हें पाकिस्तान के साथ देश की पश्चिमी सीमा और चीन के साथ पूर्वी सीमा पर तैनात किया गया है। सुखोई की रेंज 1,500 किलोमीटर है, इसलिए यह क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस से लंबी दूरी के लक्ष्यों को मार सकता है। अब वायु सेना अपने 30 और लड़ाकू सुखोई विमानों को 500 किलोमीटर से अधिक रेंज की ब्रह्मोस मिसाइल से लैस करेगी। यूक्रेन-रूस के युद्ध का असर सुखोई-30एमकेआई लड़ाकू विमानों को अपग्रेड करने की योजना पर भी पड़ा है, इसलिए अब इस बेड़े का भारत में ही तेजी के साथ आधुनिकीकरण करने का फैसला लिया गया है।

## भारत विभाजन विरोधी संतों के आंदोलन में पंचखंड पीठ की थी अग्रणी भूमिका : आदित्यनाथ

**– ब्रह्मलीन आचार्य धर्मेंद्र के उत्तराधिकारी स्वामी सोमेंद्र के चादरपोशी कार्यक्रम में शामिल हुए योगी**



**जयपुर/लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ गुरुवार को श्री पंचखंड पीठाधीश्वर ब्रह्मलीन आचार्य धर्मेंद्र महाराज के उत्तराधिकारी स्वामी सोमेन्द्र शर्मा के चादरपोशी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आदित्यनाथ सुबह गोरखपुर से सीधे राजस्थान पहुंचे। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने जयपुर जिले के विराटनगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि हम सब जानते हैं कि समर्थ गुरु रामदास जी ने एक अखंड हिंदवी साम्राज्य के लिए छत्रपति शिवाजी जैसा सर्वश्रेष्ठ महान योद्धा देश को दिया था। उसी परंपरा अनुरूप भक्ति शक्ति की खोज के लिए राजस्थान के इस विराटनगर में श्री पंचखंड पीठ ने अग्रणी भूमिका निभाई है। भारत विभाजन के विरोध में संतों ने जो आंदोलन चलाया, उसमें भी इस पीठ की अग्रणी भूमिका थी। योगी ने कहा कि 1966 के गौरक्षा आंदोलन में भी श्री पंचखंड पीठ ने बड़ी भूमिका निभाई। तब गौशाला के नाम पर एक सीख आचार्य धर्मेंद्र ने दी थी। इसी से गौरक्षा की परंपरा से आम जनमानस आगे जुड़ा। योगी ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन 1949 से शुरू हुआ। कुछ कालखंड के बाद पूरे देश में विश्व हिंदू परिषद के माध्यम से इस आंदोलन को धार दी गई, लेकिन संतों ने बिना फल की इच्छा के इसे आगे बढ़ाया। आज अयोध्या में वह साकार हो रहा है। अब तक 50 फीसदी से ज्यादा निर्माण कार्य हो चुका है। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण कार्य के शुभारंभ के दौरान जब आचार्य धर्मेंद्र अयोध्या पधारे तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। संतों ने अपने कर्तव्यों का हमेशा पालन किया। विषम परिस्थितियों में भी किसी की परवाह नहीं की। इसी का परिणाम है कि विराट हिंदू समाज आज आचार्य धर्मेंद्र जी का सम्मान करता है। आज भले ही वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन सनातन धर्म के प्रति किये गए उनके कार्य उन्हें हमेशा हमारे बीच बनाये रखेगा। सनातन धर्म की रक्षा के लिए हर आंदोलन में आचार्य धर्मेंद्र ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गोरक्षपीठ के साथ उनका संबंध तीन पीढ़ियों का था। मैं गोरक्षपीठ की तरफ से उन्हें नमन करता हूं। आदित्यनाथ ने कहा, मुझे प्रसन्नता है कि आचार्य जी की परंपरा को स्वामी सोमेंद्र जी द्वारा निर्वाहन करने के लिए प्रण लिया गया है। स्वामी सोमेंद्र महराज आचार्य जी की परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। उनके प्रति और श्री पंचखंड पीठ के साथ हमारी सद्भावना है। आप सभी भक्तों, शुभचिंतकों के प्रति अपना आभार प्रकट करता हूं। इसके पहले, मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के विराटनगर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। आदित्यनाथ सुबह गोरखपुर से सीधे राजस्थान पहुंचे। कार्यक्रम के बाद वह लखनऊ लौटेंगे।

## दिल्ली शराब घोटाला में गिरफ्तार विजय नायर 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार विजय नायर को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आज विजय नायर की सीबीआई हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। सीबीआई ने नायर की न्यायिक हिरासत की मांग की थी। 3 अक्टूबर को कोर्ट ने विजय नायर को आज तक की सीबीआई हिरासत में भेजा था। इससे पहले कोर्ट ने 28 सितंबर को नायर को 3 अक्टूबर तक की सीबीआई हिरासत में भेजा था। सीबीआई ने कहा था कि नायर ने अपने फोन को फार्मेट कर दिया था ताकि डाटा रिकवर नहीं किया जा सके। सीबीआई ने कहा था कि नायर सिग्नल ऐप का इस्तेमाल करता था, जिससे डाटा रिकवर करना कठिन है। विजय नायर मुंबई स्थित वनली मच लाउडर नामक कंपनी का पूर्व सीईओ है। नायर आम आदमी पार्टी का कम्यूनिकेशन इंचार्ज भी है।

## अंबानी परिवार को उड़ाने की धमकी देने वाला आरोपित बिहार से गिरफ्तार

**मुंबई, (हि.स.)।** उद्योगपति मुकेश अंबानी को और सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल को उड़ाने की धमकी देने वाले शख्स को मुंबई पुलिस ने बिहार के दरभंगा जिले से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किये गए राकेश कुमार मिश्रा को पुलिस मुंबई ला रही है। उसके पास से वह मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है जिससे उसने धमकी दी थी। मुंबई परिमंडल के दो के पुलिस उपायुक्त नीलोत्पल ने बताया कि अंबानी परिवार और रिलायंस अस्पताल को उड़ाने की धमकी देने वाले आरोपित को बिहार पुलिस की मदद से दरभंगा के ब्रह्मपुरा गांव से गिरफ्तार कर लिया गया है। मुंबई पुलिस आरोपित को वहां से लेकर मुंबई आ रही है। दरअसल बुधवार को गिरगांव स्थित सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल को दो बार फोन आए जिसमें फोन करने वाले ने अस्पताल और उद्योगपति मुकेश अंबानी के परिवार को भी उड़ाने की धमकी दी थी। इस फोन काल के बाद रिलायंस अस्पताल के अधिकारियों ने गिरगांव स्थित दादासाहेब भडकमकर मार्ग पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवाया था। साथ ही मुंबई पुलिस ने जांच टीम गठित की थी। जांच टीम काल ट्रेस के बाद बुधवार को ही आरोपित को पकड़ने के लिए बिहार रवाना हुई थी। बिहार पुलिस के सहयोग से उसे दरभंगा जिले के ब्रहमपुरा गांव से आज तड़के गिरफ्तार कर लिया गया है। इससे पहले 15 अगस्त को सुबह सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल के लैंडलाइन नंबर पर नौ धमकी भरे कॉल आए। इस मामले में बोरीवली निवासी 56 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था।



## मुंबई एयरपोर्ट पर 80 करोड़ रुपये की 16 किलोग्राम हेरोइन जब्त



**मुंबई, (हि.स.)।** मुंबई एयरपोर्ट पर राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने एक यात्री के पास से 16 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 80 करोड़ रुपये बताई जा रही है। डीआरआई की टीम गिरफ्तार किये गए केरल निवासी बीनू पाल से पूछताछ कर रही है। डीआरआई सूत्रों के अनुसार 16 किलोग्राम हेरोइन के साथ एक व्यक्ति के मुंबई एयरपोर्ट पर आने की सूचना अमेरिका से मिली थी। इसी जानकारी के आधार पर डीआरआई की टीम ने बुधवार देर रात एक यात्री को जांच के लिए रोका और उसके बैग की तलाशी ली। इस दौरान यात्री के बैग में विशेष तरीके से छिपाई गई हेरोइन मिली, जिसे जब्त करके डीआरआई टीम ने उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। डीआरआई के अनुसार गिरफ्तार किये गए व्यक्ति का नाम बीनू जॉन है और वह केरल का निवासी है। उसने डीआरआई को बताया कि एक विदेशी नागरिक ने उसे यह हेरोइन भारत ले जाने के लिए कमीशन के तौर पर एक हजार अमेरिकी डॉलर दिए थे। बीनू जान ने अपने कई अन्य सहयोगियों के नाम जांच टीम को बताए हैं। डीआरआई की टीम यह भी पता लगा रही है कि क्या जॉन इससे पहले भी भारत में ड्रग्स तस्करी में शामिल रहा है।

# उत्तरकाशी हिमस्खलन हादसा : 9 पर्वतारोहियों-प्रशिक्षुओं के शव बरामद,15 लोग हुए रेस्क्यू, 24 लापता

**-गुरुवार को तीसरे दिन पांच और शव मिले, रेस्क्यू अभियान में तेजी, दो की हुई पहचान**
**-एचएडब्ल्यूएस का दल भी रेस्क्यू में होगा शामिल**



**उत्तरकाशी, (हि.स.)।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिला स्थित द्रोपदी का डांडा-2 पर्वत चोटी ग्लेशियर में हुए हिमस्खलन के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन के तीसरे दिन गुरुवार को 5 और शव बरामद हुए हैं। इसी के साथ अब तक कुल 9 शव बरामद हो चुके हैं। इसमें दो इंस्ट्रक्टर और 7 ट्रेनीज बताए जा रहे हैं। इनमें एवरेस्ट विजेता सविता कंसवाल और एक इंस्ट्रक्टर नवमी सहित दो की शिनाख्त हो चुकी है जबकि अभी अन्य शवों की पहचान होनी शेष है। इस तरह अभी भी 24 लोग लापता हैं। निम के रजिस्ट्रार विशाल रंजन ने इसकी पुष्टि की है। बुधवार को हिमस्खलन की चपेट में आए निम के 15 पर्वतारोहियों-प्रशिक्षुओं को रेस्क्यू किया गया था। इनमें से पांच घायल लोग थे। रेस्क्यू अभियान के पहले दिन मंगलवार को वायु सेना, एसडीआरएफ आदि रेस्क्यू टीमों ने चार शवों को बरामद किया था। इन मृतकों एवरेस्ट विजेता सविता थीं, जिनकी पहचान हुई थी। इसके बाद एक इंस्ट्रक्टर और शिनाख्त हुई लेकिन अन्य शवों की अभी पुख्ता शिनाख्त नहीं हो सकी है। घटनास्थल स्थित बेस कैंप से इन शवों को हेलीकाप्टर के जरिए आईटीबीपी मातली हेलीपैड पर लाया जाएंगा और वहीं पर उनका पोस्टमार्टम किया जाएगा। इसके बाद वहां पर इन शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के रजिस्ट्रार विशाल रंजन ने अब तक नौ शवों के मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि इनमें से केवल दो की शिनाख्त हुई है। अन्य की पहचान होना बाकी है। अभी भी 24 लोग लापता हैं। वहां तक अभी तक रेस्क्यू टीमों को पहुंचने में मुश्किल हो रही है। विशाल ने बताया कि ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि आज जम्मू कश्मीर गुलमर्ग की टीम भी घटनास्थल पर पहुंचेगी। केंद्र और राज्य सरकार के प्रयासों से हाई माउंटेन एवरेस्ट आर्गनाइजेशन स्वयंसेवी (एचएडब्ल्यूएस) के 16 सदस्यीय जवानों को हिमस्खलन में फंसे पर्वतारोहियों को निकालने के लिए भेजा गया है। ताकि सभी लापता लोगों की जल्द से जल्द खोज की जा सके।

**हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख**

**प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार**

**सहयोगी संरक्षक**
**अनिल सेठी**
**नरेश ए बाबू-कार्यकारी निदेशक**

**संपादन सहयोगी - मोहित शुक्ला**

**सदस्य एवं रिपोर्टर**

•राजकुमार कश्यप (दिल्ली) •दीपक कुमार (पटियाला)
• वीरेन्द्र कुमार ठाकुर •वीरेंद्र सिंह बघेल (फरीदाबाद)
• अनीता सिंह •राम नाथ •मुकेश गुप्ता, मीनाक्षी निगम
•मोहम्मद शमशेर (दिल्ली) • मुकेश जोशी (उत्तराखण्ड)
• अशोक कुमार, काजल शर्मा (गुरूग्राम)
• अवध किशोर त्रिपाठी (अहमदाबाद)
•श्याम लाल (मेरठ) •रामनरेश सिंह (पडरौना, उत्तरप्रदेश)
•नवीन सुरेल, तालबहेट, ललितपुर, (झाँसी)
• ओम शुक्ला, मनीष शुक्ला, शिवम शुक्ला (कानपुर)
• ओमपाल वर्मा, इन्द्रमणी मंडल (रायपुर छत्तीसगढ़)
• फ्रूमू लामों सिलीगुड़ी, रोशन कुमार मिश्रा (पश्चिम बंगाल)
▪ पिंटू बनर्जी (पश्चिम बंगाल )

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।**

समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

**विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।**

**S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092**
संपर्क – 011-35631400
Customer Care No.
**8375000672**

**ADVERTISMENT RATE TARIFF PLAN**

FULL PAGE | HALF PAGE | QUARTER PAGE

| | |
|---|---|
| FULL FRONT PAGE | ₹1,20,000/- |
| FULL INNER PAGE | ₹60,000/- |
| FULL BACK PAGE | ₹90,000/- |
| HALF FRONT PAGE | ₹66,000/- |
| HALF PAGE INNER | ₹36,000/- |
| HALF PAGE BACK | ₹51,000/- |
| QTR. PAGE FRONT | ₹36,000/- |
| QTR. PAGE INNER | ₹21,000/- |
| QTR. PAGE BACK | ₹30,000/- |

Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-
Visiting Card Size Advertisements:
Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-
Inner Page Rs.3000/-

# एल्बम का नया गाना 'झांझर' पहले प्यार को करता है व्यक्त

## - ग्रेवाल अभिनीत पंजाबी फिल्म है 'हनीमून'



**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म 'हनीमून' के एल्बम का रिलीज हुआ नया गाना 'झांझर' पहले प्यार की भावना को व्यक्त करता है। यह कहना है पंजाबी अभिनेता-गायक गिप्पी ग्रेवाल का। गीत के बारे में बात करते हुए, गिप्पी ने कहा, "'झांझर' एक सुंदर गीत है जो आपको यादों की दुनिया में ले जाएगा और आपको पहले प्यार की भावना को फिर से जीवंत कर देगा।"यह गाना शुक्रवार को रिलीज हुआ और इसे गायक बी प्राक और गीतकार जानी ने बनाया है। इस गाने में पंजाब के खेतों और पुराने जमाने का एक क्लासिक सेटअप है, लेकिन फिर भी घर की छत पर प्यार में पड़ना एक पसंदीदा है। फिल्म में जैस्मीन भसीन भी हैं। गीत के विमोचन के अवसर पर टिप्पणी करते हुए, बी प्राक ने कहा, "इस तरह के गीत में सही सुर लगाना और फिर भी एक क्लासिक पंजाबी स्पर्श देना महत्वपूर्ण था।

गाने का संगीत बनाते समय मैंने यही सोचा था। जब मैंने देखा वीडियो में, जैस्मीन और गिप्पी ने सभी सही भावनाओं को चित्रित किया था और मुझे लगता है कि उन्होंने गाने के साथ पूरा न्याय किया।" गाने में गिप्पी और जैस्मीन की केमिस्ट्री देखने लायक है और अपनी प्रेम कहानी से दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान जरूर लाएगा। टी-सीरीज फिल्म्स और बावेजा स्टूडियोज का प्रोडक्शन, 'हनीमून' का निर्देशन अमरप्रीत जीएस छाबड़ा ने किया है ।

# ऑडियो ड्रामा 'सैंडमैन : एक्ट थर्ड' में श्रुति ने दी आवाज

## -ऑडियो ड्रामा सीरीज की तीसरी किस्त ऑडिबल पर जारी की



**चेन्नई (ईएमएस)।** अंतरराष्ट्रीय ऑडियो ड्रामा 'सैंडमैन : एक्ट थर्ड' में अभिनेत्री-गायिका श्रुति हासन ने अपनी आवाज देने के साथ ही एक और उपलब्धि हासिल की है। बहु-भाग मूल ऑडियो ड्रामा सीरीज की तीसरी किस्त विशेष रूप से डीसी द्वारा ऑडिबल पर जारी की गई है। यह श्रुति द्वारा अपना अंग्रेजी एकल 'शी इज ए हीरो' रिलीज करने के कुछ ही दिनों बाद आया है, जिसे दर्शकों और आलोचकों ने अपने मजबूत संदेश और संगीत के लिए समान रूप से पसंद किया था। श्रुति ने सीरीज में वर्ल्डस एंड इन में एक मकान मालकिन का किरदार निभाया है। श्रुति के लिए यह एक सपने के सच होने जैसा रहा है, जिसने हमेशा अपने साक्षात्कारों में उल्लेख किया है कि वह सैंडमैन सीरीज की कितनी बड़ी प्रशंसक है और वह नील जियामन की बहुत बड़ी प्रशंसक है। 'ट्रेडस्टोन' और 'फ्रोजन 2' के बाद श्रुति की यह तीसरा इंटरनेशनल प्रोजेक्ट है और इस सीरीज में जेम्स मैकएवॉय, कैट डेन्निंग्स, मिरियम मार्गोलिस और जस्टिन विवियन बॉन्ड भी शामिल हैं। उसी पर टिप्पणी करते हुए, श्रुति ने कहा, "नील जियामन द्वारा लिखित इस तरह की एक प्रतिष्ठित सीरीज का एक छोटा सा हिस्सा बनकर बहुत अच्छा लग रहा है। 'सैंडमैनः एक्ट थर्ड', निमार्ताओं ने सीरीज को दूसरे स्तर पर ले गए है।" 'द सैंडमैनः एक्ट थर्ड वहीं से शुरू होता है, जहां 'द सैंडमैनः एक्ट थर्ड' ने छोड़ा था और एक बार फिर सह-कार्यकारी निमार्ता डिर्क मैग्स द्वारा अनुकूलित और निर्देशित किया गया है। श्रुति की आने वाली फिल्मों की बात करे तो, प्रशांत नील की 'सालार' में प्रभास के साथ श्रुति नजर आएंगी।

# शो, फिल्मों या पॉडकास्ट के साथ लक्ष्य निर्धारित करेंगी आलिया

## -फोर्ब्स इंडिया टाइकून ऑफ टुमॉरो 2022 में बोल रही एक्ट्रेस




**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने कहा कि वह शो, फिल्मों या पॉडकास्ट के साथ लक्ष्य निर्धारित करेंगी ताकि ऐसी सामग्री तैयार की जा सके जो इससे जुड़ सके। एक अत्यंत उच्च भावनात्मक कोर और कहा कि वह कैमरे के पीछे की प्रक्रिया का हिस्सा बनना चाहती हैं। आलिया भट्ट ने डार्लिंग्स के साथ एक निमार्ता के रूप में अपनी शुरूआत की। आलिया भट्ट फोर्ब्स इंडिया टाइकून ऑफ टुमॉरो 2022 में बोल रही थीं, जो एक प्रतिष्ठित समारोह है, जो उद्योगों में विलक्षण चेंजमेकर्स को सम्मानित करता है। यह इवेंट 30 सितंबर को था। आलिया ने कहा, "यह आर्थिक रूप से सही काम लग रहा था। मैं उत्पादन को लोड नहीं करना चाहती थी और बैक-एंड परिप्रेक्ष्य लेना चाहती थी। इससे मुझे एहसास हुआ कि कैमरे के पीछे मेरी कितनी दिलचस्पी है। दस साल में इस उद्योग में, मैंने अपनी पहली फिल्म 'डार्लिंग्स' बनाई। अनुभव इतना महत्वपूर्ण रहा है कि इसने लगातार बढ़ने के मेरे आदर्श वाक्य को मजबूत किया है।" आलिया ने हाल ही में घोषणा की कि वह मैटरनिटी वियर में कदम रख रही हैं। "आज, मैंने एडामम्मा, एक मैटरनिटी लाइन लॉन्च की। जो मेरे वार्डरोब में एक गैप के रूप में शुरू हुई, वह मेरी मैटरनिटी रेंज बन गई। मैं सामान्य रूप से मैटरनिटी वियर में एक निश्चित शैली को देख रही थी और उसमें अपनी खुद की शैली लाना चाहती थी।"आलिया ने आगे कहा, "मेरा अभी भी एक बुटीक प्रोडक्शन हाउस है। मैं शो, मूवी या पॉडकास्ट के साथ लक्ष्य निर्धारित करूंगी ताकि ऐसी सामग्री बनाई जा सके जो एक अत्यंत उच्च भावनात्मक कोर से जुड़ती है। मैं कैमरे के पीछे की प्रक्रिया का हिस्सा बनना चाहती हूं"।

# राजनेता से शादी करना चाहती हैं अर्चना गौतम



अभिनेत्री, मॉडल और राजनेता अर्चना गौतम 'बिग बॉस 16' में शामिल हुईं और उन्होंने मेजबान सलमान खान को सूचित किया कि वह एक राजनेता से शादी करना चाहती हैं। अर्चना मेरठ जिले के हस्तिनापुर निर्वाचन क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ी थीं, लेकिन जीत नहीं सकीं। उन्होंने बताया उनका सपना है कि जब वह रसोई में खाना बना रही हों, तो उस समय उनका प्रेमी उन्हें पीछे से पकड़े। मिस बिकिनी इंडिया 2018 नामित अर्चना ने बॉलीवुड में भी काम किया है और उनकी पहली फिल्म 'ग्रेट ग्रैंड मस्ती' थी। सलमान ने कहा कि वह शो में इसलिए शामिल हुई हैं, ताकि वह यहां जो लोकप्रियता हासिल करने जा रही हैं, उसका फायदा उन्हें अगले चुनाव में मिल सके।

# काजोल 9 दिसंबर को अपनी फिल्म सलाम वेंकी का करेंगी प्रदर्शन, इंस्टा पर शेयर किया फिल्म का पोस्टर




**मुंबई (ईएमएस)।** एक्टर अजय देवगन ने हाल ही में फिल्म तान्हाजी के लिए नेशनल फिल्म अवॉर्ड अपने नाम किया है। उनकी पत्नी काजोल ने अपनी नई फिल्म सलाम वेंकी के रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म को नेशनल अवॉर्ड विनिंग फिल्म में काम कर चुकी रेवती डायरेक्ट कर रही हैं। काजोल ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए रिलीज की जानकारी साझा की है। पोस्ट को शेयर करते हुए काजोल ने कैप्शन में लिखा सलाम वेंकी आपके नजदीकी सिनेमाघरों में इस साल 9 दिसंबर को रिलीज हो रही है। सलाम वेंकी के कहानी की बात करें तो यह जीवन की चुनौतियों का सामना करते समय एक मां की अविश्वसनीय ताकत की सच्ची कहानी पर आधारित है। सलाम वेंकी के लिए फिल्म इंडस्ट्री की सबसे बड़ी पावर हाउस कही जाने वाली काजोल और रेवती ने हाथ मिलाया है। रेवती के निर्देशन में बन रही सलाम वेंकी का प्रोडक्शन सूरज सिंह, श्रद्धा अग्रवाल और वर्षा कुकरेजा द्वारा किया जा रहा है। इनके साथ ही बीलाइव और रीटेक स्टूडियोज के बैनर भी फिल्म के निर्माण में जुड़े हुए हैं। काजोल नवरात्रि के फेस्टिवल को काफी फॉलो करती हैं और उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म सलाम वेंकी की रिलीज डेट का ऐलान करने के लिए भी नवरात्रि का शुभ अवसर चुना है। बीते दिन अभिनेत्री अपने परिवार के साथ मां दुर्गा की पूजा करते हुए नजर आई थीं। काजोल के वर्कफ्रंट की बात करें आखिरी बार वह ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की फिल्म त्रिभंगा में नजर आई थीं। सलाम वेंकी के अलावा काजोल जल्द ओटीटी पर डेब्यू करने वाली हैं। वह डिज्नी प्लस हॉटस्टार की सीरीज द गुड वाइफ-प्यार, कानून और धोखा से अपना ओटीटी डेब्यू करेंगी।

# पूर्व एडल्ट स्टार मिया खलीफा के ग्लैमरस अंदाज ने ढाया सितम



लेबनानी-अमेरिकी पूर्व एडल्ट स्टार मिया खलीफा अपने इंस्टाग्राम पर अपने प्रशंसकों के लिए अपनी फोटोज अपलोड करती रहती हैं। मिया खलीफा ने जब से भारतीय किसानों के विरोध प्रदर्शन के समर्थन में ट्वीट किए, तब से वह भारत में भी खासी लोकप्रिय हो गई हैं। अपने प्रशंसकों को प्रसन्न करने के लिए मिया खलीफा ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी नवीनतम तस्वीरें पोस्ट की हैं। मिया खलीफा अपनी नवीनतम इंस्टाग्राम तस्वीर में बेहद ग्लैमरस अंदाज में दिखाई दे रही हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर तस्वीर में अभिनेत्री पीले रंग की ड्रेस में दिखाई दे रही हैं। उन्होंने तस्वीर का कैप्शन लिखा-डैम, आई लुक मीन। इस तस्वीर को अब तक 7 लाख 70 हजार से अधिक लाइक्स मिल चुके हैं। पिछले माह भारतीय किसानों के विरोध प्रदर्शन के समर्थन में मिया खलीफा ने कई ट्वीट किए थे, जिसके चलते उन्हें सत्ता समर्थकों के विरोध का सामना करना पड़ा था।

# संगीत जगत में कम समय में वाजिद खान ने बनाई थी खास पहचान



मशहूर संगीतकार वाजिद खान आज बेशक हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा कम्पोज एवं गाए गीत दर्शकों के बीच काफी मशहूर हैं। फिल्म जगत की मशहूर म्यूजिक कम्पोजर जोड़ी साजिद-वाजिद में से एक वाजिद खान का जन्म 7 अक्टूबर, 1977 को हुआ था। तबला वादक शराफत अली खान और रजीना खान के बेटे वाजिद खान ने अपने भाई साजिद खान के साथ मिलकर संगीत की दुनिया में कदम रखा और बॉलीवुड में साजिद-वाजिद जोड़ी के नाम से मशहूर हुए। साजिद-वाजिद ने 1998 में सलमान खान अभिनीत फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' से अपने करियर की शुरूआत की थी। इसके बाद इस जोड़ी ने एक के बाद एक हिट फिल्म के लिए संगीत दिए, जिसमें चोरी चोरी, हेलो ब्रदर, मुझसे शादी करोगी, पार्टनर, वांटेड, एक था टाइगर, दबंग (1,2 और 3) जैसी फिल्में शामिल हैं। वाजिद ने अपने भाई साजिद के साथ सिंगिंग रियलिटी शो सा रे गा मा पा 2012 और सा रे गा मा पा सिंगिंग सुपरस्टार में मेंटर के रूप में काम किया। इसके अलावा भाइयों की इस जोड़ी ने आईपीएल-4 का थीम सांग भी तैयार किया था। दोनों ने साथ में आखिरी बार सलमान खान के लिए 'भाई-भाई' को कम्पोज किया था, जिसे अभिनेता सलमान खान ने अपने यूट्यूब चैनल पर जारी किया था। वाजिद खान ने बॉलीवुड फिल्मों में म्यूजिक कम्पोज करने के अलावा कई फिल्मों में गाने भी गाये थे, जिनमें सोनी दे नखरे (पार्टनर), डू यू वाना (पार्टनर), लव में (वांटेड), हुड हुड दबंग (दबंग), बाकी सब फर्स्ट क्लास है (जय हो), चिंता ता चिता चिता चिता(राउडी राठौर) आदि शामिल हैं। म्यूजिक कम्पोजर और सिंगर वाजिद खान 42 साल की उम्र में 1 जून, 2020 को इस दुनिया को अलविदा कह गए। वाजिद खान की निजी जिंदगी की बात करें तो उनकी पत्नी का नाम कमालरुख खान है और उनके दो बच्चे हैं।


# सुष्मिता फिर ओटीटी पर दिखेंगी

आर्या की सफलता के बाद एक बार फिर अभिनेत्री सुष्मिता सेन ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आने को तैयार हैं। सुष्मिता ने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की शूटिंग शुरू कर दी है। इस वेब सीरीज में सुष्मिता ट्रांसजेंडर के रोल में नजर आएंगी, जिसे मराठी फिल्ममेकर रवि जाधव ने निर्देशित किया है। सुष्मिता की यह वेबसीरीज फेमस ट्रांस एक्टिविस्ट गौरी सावंत की बायोग्राफी पर आधारित है। सिरीज में कुल 6 एपिसोड होंगे, जिसमें गौरी की लाइफ के अलग-अलग फेज दिखाए जाएंगे। वेब सीरीज में दिखाया जाएगा कि आखिर किस तरह गौरी सावंत भारत की पहली ट्रांसजेंडर मां बनीं। एक रिपोर्ट के अनुसार सुष्मिता इस रोल को करने के काफी एक्साइटेड हैं। वह अपने आर्या के किरदार से बाहर आकर कुछ नया और अलग ट्राई करना चाहती हैं। आर्या में सुष्मिता की एक्टिंग को बहुत एप्रिशिएट किया गया था, ऐसे में एक बार फिर सुष्मिता नए किरदार के साथ पर्दे पर आने के लिए तैयार हैं। यह सीरीज आम ट्रांसजेंडर की कहानी से बिल्कुल अलग है।

# सलमान ने किया सुंबुल तौकीर की सादगी की तारीफ

सलमान खान ने 'इम्ली' की अभिनेत्री सुंबुल तौकीर को 'बिग बॉस 16' में सबसे कम उम्र की कंटेस्टेंट के तौर पर प्रस्तुत किया है। सलमान ने अभिनेत्री सुंबुल तौकीर की सादगी की तारीफ की। सुंबुल ने सलमान से कहा कि वह उनके 'वीकेंड का वार' अवतार से डरती हैं और जिस तरह से वह प्रतियोगियों को चुनौती देते हैं उसकी नकल करती हूं। इस पर सलमान खान ने उनकी तारीफ की और कहा कि कोई भी उनकी इतनी अच्छी तरह से नकल नहीं कर सकता है। सुंबुल ने एक कविता सुनाई और उनके पिता मंच पर उसके साथ शामिल हो गए। उन्होंने कहा शो के लिए साइन करने के बाद वह काफी घबराई हुई थी और उसके पिता ने उसे इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# फिल्म 'फोन भूत' की रिलीज डेट तय, इस दिन आएगा ट्रेलर




काफी समय से चर्चा में बनी हुई ईशान खट्टर, कटरीना कैफ और सिद्धांत चतुर्वेदी की आगामी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'फोन भूत' रिलीज के लिए तैयार है । इस बीच गुरुवार को मेकर्स ने फिल्म का फर्स्ट लुक और मोशन पोस्टर जारी किया है। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट और ट्रेलर की रिलीज डेट की भी घोषणा की है। फिल्म का ट्रेलर इस महीने 10 अक्टूबर को जारी होगा। वहीं फिल्म इसी साल 4 नवंबर को रिलीज होगी। 'फोन भूत' एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है जिसमें एक्शन का भी तड़का होगा। रिपोट्र्स के अनुसार, फिल्म की कहानी एक ऐसी दुकान की होगी, जहां भूतों से जुड़ी हर समस्या को रोका जाता है। फिल्म में सिद्धांत और ईशान दोनों भूत पकड़ने वाले का किरदार निभाएंगे इस फिल्म से तीनों मुख्य कलाकार पहली बार एक -दूसरे के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। फिल्म के निर्देशक गुरमीत सिंह हैं। फिल्म को रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर संयुक्त रूप से प्रोड्यूस करेंगे। फिल्म की कहानी रवि शंकरन और जसविंदर सिंह बाथ ने लिखी है।

## सूडोकु नवताल- 6214

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6213 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

## शब्दजाल - 6961

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | रा | जें | द्र | कु | मा | री | वा | ज | पे | यी |
| द | स | ल | प्रे | व | जी | स | द | ह | कां | रा |
| वि | स | रो | म | र | ज | नी | पा | ल | ख | म |
| शा | स | स | जि | दि | वा | स | ध | चं | श | दु |
| र | आ | र | ग | नी | ज | ना | तू | द्रा | झ | ला |
| दा | ल | ला | र | दि | ना | उ | ती | व | घ | री |
| मु | व | ग्रे | मी | या | प | य | ज | ती | व | सि |
| ख | एं | वा | ई | द | ब | क | डू | ए | श | न्हा |
| र्जी | ड | ल | कु | मु | द | बे | न | जो | शी | आ |
| क | गॉ | ल | प | लि | जी | शी | ला | कौ | ल | द |
| वि | ज | य | ल | क्ष्मी | पं | डि | त | ब | प | म |

*शब्द जाल में 10 महिला राज्यपालों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

सरोजिनी नायडू, विजयलक्ष्मी पंडित, शारदा मुखर्जी, कुमुदबेन जोशी, सरला ग्रेवाल, रामदुलारी सिन्हा, चंद्रावती, शीला कौल, राजेंद्रकुमारी वाजपेयी, रजनी पाल.

### शब्दजाल - 6960 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | ल | इं | दि | रा | गां | धी | इं | ल | ज |
| र | ट | ल | दे | व | गौ | ड़ा | इं | द्र | ट | वा |
| त | स | ल | ल | र्म | छ | मो | रा | कु | ख | ह |
| च | ज | ज | बि | पु | र | रा | प | मा | ली | र |
| म | र | दो | ग | हा | लं | र | तू | र | झ | ला |
| न | क | ण | प | ह | री | जी | ना | गु | घ | ल |
| मो | अ | स | सिं | या | प | दे | श | ज | ला | ने |
| ह | ता | दा | ई | ह | ब | सा | फ | रा | श | ह |
| न | बा | चे | न | ब्रा | जी | ई | री | ल | प | रु |
| सिं | पा | ला | ल | ब | हा | दु | र | शा | स्त्री | ता |
| ह | रा | जी | व | गां | धी | रा | बा | द | प | न |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5914

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | | | 6 | 5 | 4 |
| | 22 | 7 | 38 | | 41 | |
| 3 | | 1 | 2 | | 6 | |
| | 32 | | 30 | 3 | 35 | 2 |
| 6 | | 2 | 5 | | | 7 |
| 4 | 32 | 5 | 30 | 2 | 24 | |
| | 3 | | | | | 6 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 5913 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 3 | 6 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 26 | 7 | 41 | 6 | 38 | 6 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 5 | 2 | 3 |
| 4 | 34 | 5 | 33 | 1 | 25 | 2 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 |
| 5 | 32 | 6 | 29 | 3 | 34 | 4 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 2 | 6 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

स्वामी एवं संपादक इंद्रा द्वारा S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092 से जारी
Customer Care No:- 8375000672, For News & Advertisement- 8375000984, Email-info@delhicrimepress.in, Website- www.Delhicrimepress.in